■ फाल्गुन कृष्णा - 3 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 212 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 27-02-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 अगर अदालत आदेश देगी, तो ईडी के समक्ष पेश होउंगा : केजरीवाल

6 'हाथ' आई 'साइकिल' तो कांग्रेस से टिकट चाहने वालों के चेहरे खिले

7 गजल गायकी को नया आयाम दिया पंकज उधास ने




## फर्स्ट टेक

### बीआरआई में भ्रष्टाचार की जांच करेगा चीन का सीसीडीआई

**बीजिंग/भाषा।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) पहली बार देश के भ्रष्टाचार रोधी निकाय की जांच के दायरे में आएगा। बीआरआई के तहत चीन ने अरबों डॉलर का निवेश किया और इसमें भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ ही पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे छोटे और मध्यम देशों में परियोजनाओं के ऋण जाल में तब्दील होने के आरोप लगे हैं।

### इजराइल ने राहत सामग्री को गाजा पहुंचने से रोका: ह्यूमन राइट्स वाच

**रफह/एपी।** इजराइल, गाजा पट्टी के हताश लोगों को तत्काल जरूरत की राहत सामग्री उपलब्ध कराने के संयुक्त राष्ट्र (संरा) की शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहा है। मानवाधिकार की वकालत करने वाली संस्था 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने सोमवार को यह आरोप लगाया और गाजा पट्टी के लिए राहत सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए इजराइल को दोषी ठहराया। यह आरोप 'द हेग' स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के उस ऐतिहासिक फैसले के एक महीने बाद लगाए गए हैं जिसमें इजराइल को युद्ध में कमी लाने का आदेश दिया गया था।

### मरयम नवाज बनीं पाकिस्तान की पहली महिला मुख्यमंत्री

**लाहौर/भाषा।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज सोमवार को देश की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं, उन्हें पंजाब प्रांत के लिए इस पद पर निर्वाचित किया गया है। पीएमएल-एन की 50-वर्षीया वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरयम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई)-समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के निर्वाचित प्रतिनिधियों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता।

# दशकों तक 'स्वार्थ' की राजनीति का शिकार हुई रेल : प्रधानमंत्री

## 41,000 करोड़ से अधिक की लगभग 2,000 रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि भारतीय रेल को दशकों तक 'स्वार्थ भरी राजनीति' का शिकार होना पड़ा लेकिन आज वह परिवर्तन के सबसे बड़े दौर से गुजर रही है और लोगों ने विगत 10 वर्षों में 'नया भारत' बनते देखा। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 41,000 करोड़ रुपए से अधिक की लगभग 2,000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने कुछ परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित भी किया। उन्होंने 'प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास भी किया। करीब 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित इन स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा।

अपने संबोधन में मोदी ने कहा, आज रेलवे से जुड़ी 2,000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इस सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। लेकिन अभी ही जिस गति और पैमाने से काम शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। उन्होंने कहा कि आज का भारत बड़े सपने देखता है और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात एक भी कर देता है। उन्होंने कहा, यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।




# नैतिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों के अनुरूप कार्य करें डाक्टर : मुर्मु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को यहां लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के 107 वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अब चिकित्सा विज्ञान सिर्फ उपचार तक ही सीमित नहीं है। इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। चौथी औद्योगिक क्रांति के कारण भौतिक, डिजिटल और जैविक क्षेत्रों के बीच का अंतर कम हो रहा है। सिंथेटिक बायोलॉजी में हो रहे नए प्रयोग और सीआरआईएसपीआर जीन एडिटिंग जैसी नई तकनीकें सदियों से चली आ रही समस्याओं का समाधान ढूंढने में मददगार साबित हो रही हैं। लेकिन इन प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग की समस्या भी बनी हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सा बिरादरी अपने पेशेवर जीवन में नैतिकता और उच्च मूल्यों के अनुसार काम करेगी और 'वन हेल्थ' के एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सभी समस्याओं को हल करने का प्रयास करेगी। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि लोग डॉक्टरों को भगवान मानते हैं, ऐसे में डॉक्टरों को इस नैतिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए।

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष पद से

# विजय शेखर शर्मा ने दिया इस्तीफा, पीपीबीएल बोर्ड का पुनर्गठन



**मुंबई/एजेन्सी।** पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के अध्यक्ष पद से विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है और बैंक के निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया गया है। पीपीबीएल ने बीएसई को आज सूचित किया कि वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक बोर्ड से अपना नामांकित व्यक्ति वापस ले लिया और विजय शेखर शर्मा ने अंशकालिक गैर-कार्यकारी अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य के रूप में इस्तीफा दे दिया। पीपीबीएल के भविष्य के व्यवसाय का नेतृत्व एक पुनर्गठित बोर्ड द्वारा किया जाएगा। ओसीएल के सहयोगी, पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवासन श्रीधर, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी देबेंद्रनाथ सारंगी, बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व कार्यकारी निदेशक अशोक कुमार गर्ग और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रजनी सेखरी सिब्बल बोर्ड में शामिल की गई है। वे हाल ही में स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल हुए हैं। बयान में कहा गया है कि ओसीएल अपने नामांकित व्यक्ति को हटाकर केवल स्वतंत्र और कार्यकारी निदेशकों वाले बोर्ड को चुनने के पीपीबीएल के कदम का समर्थन करता है। कंपनी को अलग से सूचित किया गया है कि विजय शेखर शर्मा ने भी इस बदलाव को सक्षम करने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है।

# घोटालों से पैसा बनाने वाले परिवारों की पार्टियों का गठबंधन है 'इंडि' : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सिलवासा/भाषा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि विपक्षी 'इंडि' गठबंधन सात परिवारों द्वारा संचालित पार्टियों का एक ऐसा गठबंधन है, जिन्होंने घोटाले के पैसों से अपनी जेबें भरीं और केवल अपने संबंधियों के लिए काम किया। शाह ने कहा कि यह जनता को तय करना है कि वे देशभक्ति से ओतप्रोत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व चाहते हैं या उस 'इंडि' गुट का जिसने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया है।

शाह केंद्र शासित प्रदेश दमन, दीव और दादरा एवं नगर हवेली के सिलवासा में 2,300 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हम (लोकसभा) चुनाव की दहलीज पर खड़े हैं। हमारे सामने दो विकल्प हैं। एक तरफ हमारे पास देशभक्ति से ओतप्रोत नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व है और दूसरी तरफ 'इंडि' गठबंधन है जो सात परिवारों की पार्टियों का गठबंधन है।'' उन्होंने सभा में कहा, ''यह आपको तय करना है कि देश उस मोदी का शासन चाहता है, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया, या 'इंडि' गठबंधन का शासन चाहता है, जिसने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं, लालू यादव, उद्धव ठाकरे और एम के स्टालिन अपने अपने बेटों को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी अपने रिश्तेदार को (पश्चिम बंगाल) अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं।''

# व्यास जी के तहखाने में जारी रहेगी पूजा-अर्चना : न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

■ इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रदेश सरकार की पूजा रोकने की कार्रवाई अवैध बतायी

**प्रयागराज/भाषा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर व्यास जी के तहखाने में पूजा-अर्चना रोकने की तत्कालीन प्रदेश सरकार की कार्रवाई को अवैध करार देते हुए अंजुमन इंतेजामिया की अपील सोमवार को खारिज कर दी। अदालत ने व्यास जी के तहखाने का वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को 'रिसीवर' (प्रभारी) नियुक्त करने और तहखाने में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी के जिला न्यायाधीश के निर्णय को सही ठहराया।

न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत ने कहा कि 1993 में वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में पूजा अनुष्ठान बिना किसी लिखित आदेश के तत्कालीन प्रदेश सरकार द्वारा रोकने की कार्रवाई अवैध थी। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 15 फरवरी को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को जारी आदेश में अदालत ने कहा कि व्यास जी के तहखाने में पूजा-अर्चना जारी रहेगी।

ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने वाराणसी जिला जज के दोनों निर्णयों (वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को तहखाने का रिसीवर नियुक्त करने और तहखाने में पूजा की अनुमति देने) के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी।

| 27-02-2024 सूर्यास्त | 28-02-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:17 बजे | 6:26 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,790.13 | 22,122.05 |
| (-352.66) | (-90.65) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,465 रु. | 76,500 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |



# भारत ने अपनी धरती पर लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** अपनी सरजमीं पर बादशाहत एक बार फिर साबित करते हुए भारतीय टीम ने 'बैजबॉल' को बेअसर साबित कर दिया और चौथे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं श्रृंखला जीत ली।

जीत के लिए 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलना शुरू किया था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ( 44 गेंद में 37 रन ) और कप्तान रोहित शर्मा ( 81 गेंद में 55 रन ) ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए लेकिन शुभमन गिल ( नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल ( नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया।



## प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास का निधन

**मुंबई/भाषा।** प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। यह जानकारी उनकी बेटी नयाब ने दी। पंकज उधास 72 वर्ष के थे। वह चिट्ठी आई है और जिएं तो जिएं कैसे जैसे गीतों और गजलों के लिए जाने जाते हैं। एक पारिवारिक सूत्र ने बताया कि पंकज उधास का ब्रीच कैंडी अस्पताल में पूर्वाह्न 11 बजे के करीब निधन हो गया। उधास ने 'नाम, साजन' और 'मोहरा' सहित कई हिंदी फिल्मों में पार्श्व गायक के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। नयाब ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किया, बहुत भारी मन से, हम आपको पद्मश्री पंकज उधास के 26 फरवरी 2024 को लंबी बीमारी के कारण दुखद निधन होने की सूचना दे रहे हैं। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को होगा।

# 'असम 'मुख्य द्वार' से यूसीसी लाएगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि उनकी सरकार ''मुख्य द्वार'' से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लाएगी। साथ ही कहा कि यूसीसी का संबंध प्रथाओं और परंपराओं से नहीं है।

'असम बुराइयों की रोकथाम प्रथा विधेयक, 2024' पर चर्चा का जवाब देते हुए शर्मा ने दावा किया कि सरकार केवल दुर्भावनापूर्ण इरादे से व्यक्तियों द्वारा की जाने वाली प्रथाओं पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रही है। सदन में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने सवाल किया कि क्या यह प्रस्तावित कानून ''पिछले दरवाजे'' से यूसीसी लाने की रणनीति है, इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हम यूसीसी लाएंगे और हम इसे 'मुख्य द्वार' से लाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, अब उत्तराखंड में यूसीसी है। यूसीसी चार बिंदुओं से संबंधित है - कम उम्र में विवाह को रोकना, बहुविवाह पर प्रतिबंध, विरासत कानून और लिव-इन संबंधों का पंजीकरण। यूसीसी पारंपरिक अनुष्ठानों या प्रथाओं से संबंधित नहीं है।

## केजरीवाल ने उच्चतम न्यायालय से कहा:

# वीडियो रिट्वीट करके गलती की



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करके गलती की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना ही शिकायतकर्ता से पूछा कि क्या वह मुख्यमंत्री की माफी के बाद इस मामले को बंद करना चाहते हैं।

उच्च न्यायालय ने आपराधिक मानहानि मामले में एक आरोपी के रूप में केजरीवाल को जारी किए गए समन को बरकरार रखा था। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने निचली अदालत से 11 मार्च तक केजरीवाल से जुड़े मानहानि मामले की सुनवाई नहीं करने को भी कहा।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कर्जा माफी

लोकतंत्र का मालिक नेता,
वोटों के खातिर गरजा ।
माफी देंगे हम कृषकों को,
होगा ना कोई हर्जा।
पर है सच्चा कौन कृषक,
जिसको देओगे यह दर्जा ।
जिनके ऋणदाता साहुकार,
कैसे उनका उतरे कर्जा ।।

# मोदी ने माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जम्मू/भाषा।** जम्मू कश्मीर के कटरा शहर में माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन को यात्रियों के लिए नई सुविधाएं शुरू करने के लिए 40 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किया जाएगा। यह कदम अमृत भारत स्टेशन योजना का हिस्सा है जिसके तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से देशभर के 553 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की सोमवार को आधारशिला रखी।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन के औपचारिक पुनर्विकास को चिह्नित करते हुए एक पट्टिका का अनावरण किया, जो उनके उधमपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। यह स्टेशन रियासी जिले में है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री सिंह ने इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कटरा स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करना इस क्षेत्र के विकास के लिए प्रधानमंत्री के विशेष जोर को दर्शाता है। यह याद करते हुए कि यह स्टेशन वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत के लिए चुने गए पहले स्टेशनों में से एक था, सिंह ने कहा कि यह देश का पहला स्टेशन होने का गौरव भी रखता है जहां सौर ऊर्जा सुविधा की शुरुआत की गई थी। सिंह ने कहा, आज के प्रयास के तहत, कटरा स्टेशन के अलावा, तीन अन्य स्टेशनों – उधमपुर, जम्मू और बडगाम – को भी अमृत स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित किया जाएगा। चार में से तीन जम्मू क्षेत्र में हैं। यह जम्मू कश्मीर के विकास के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि कटरा स्टेशन एक इंटर–मॉडल स्टेशन के रूप में उभरेगा, जो रेल, सड़क और हवाई यात्रा को एकीकृत करेगा ताकि लोग एक साधन से दूसरे साधन में निर्बाध रूप से जा सकें। सिंह ने कहा कि मोदी ने देश की विकास यात्रा के हिस्से के रूप में, वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर कटरा को चुना है। उन्होंने कहा, जब से मोदी ने देश का नेतृत्व संभाला है, नागरिकों की मानसिकता में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के प्रत्येक व्यक्ति और क्षेत्र के कल्याण के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए हैं।

उन्होंने कहा, अब, किसी गरीब आदमी के बच्चे बड़े सपने देख सकते हैं, सिविल सेवाओं जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में भाग ले सकते हैं और सत्ता के गलियारे तक पहुंच सकते हैं, चाहे उनका धर्म, जाति या क्षेत्र कोई भी हो। उम्मीदें फिर से जगी हैं और भ्रष्टाचार और भाई–भतीजावाद जैसी बुराइयों पर अंकुश लगा है।

## देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 7% रहने का अनुमान

**मुंबई/भाषा।** देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक 7% रहने का अनुमान है। जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर–दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर स्थिर मूल्य पर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7% रहेगी। यह पूर्व में जताए गए अनुमान से अधिक है। तिमाही वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 29 फरवरी को जारी किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष की जुलाई–सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.6% रही थी। ब्रोकरेज कंपनी के विश्लेषकों के अनुसार उसका अनुमान औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, आयात (तेल और सोने को छोड़कर), बैंक कर्ज और उपभोक्ता वस्तुओं सहित पांच महत्वपूर्ण संकेतकों के सूचकांक पर आधारित है।

## 'ट्रूकॉलर' ने भारत में शुरू की एआई-संचालित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कॉल करने वाले की पहचान से संबंधित ऐप 'ट्रूकॉलर' ने सोमवार को भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू करने की घोषणा की। इस सुविधा में कॉल का सारांश एवं ब्योरा भी मिलेगा। कंपनी ने कहा कि एआई–आधारित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा के लिए शुल्क लगेगा और यह प्रीमियम सदस्यता के साथ उपलब्ध होगी। यह एंड्रॉयड और आईओएस दोनों ऑपरेटिंग प्रणालियों वाले मोबाइल फोन पर काम करेगी।

इस सुविधा के तहत उपयोगकर्ताओं को सीधे ट्रूकॉलर ऐप के भीतर इनकमिंग और आउटगोइंग कॉल रिकॉर्ड करने की क्षमता होगी। यह महत्वपूर्ण बातचीत को दर्ज करने और उनके प्रबंधन का एक सुविधाजनक एवं कुशल तरीका मुहैया कराता है।

ट्रूकॉलर ने इस सुविधा की शुरुआत की घोषणा करते हुए बयान में कहा कि कृत्रिम मेधा प्रौद्योगिकी के आने से उपयोगकर्ताओं को जरूरी ब्योरा दर्ज करने की चिंता नहीं रह जाएगी और इससे कॉल के दौरान उत्पादकता सुधरेगी। कंपनी ने कहा कि इस सुविधा के इस्तेमाल से समूची बातचीत का विस्तृत ब्योरा और उसका सारांश भी उपलब्ध हो जाएगा। इसके अलावा किसी भी कॉलर की बातचीत को अंग्रेजी और हिंदी में लिखित रूप में बदला जा सकेगा। यह खास सुविधा प्रीमियम प्लान के तहत ही उपलब्ध कराई जा रही है जो 75 रुपए मासिक या 529 रुपए सालाना की दर से शुरू होता है।



## सिसोदिया का तिहाड़ में एक साल पूरा, अधिकारियों ने बताई पूर्व उपमुख्यमंत्री की दिनचर्या

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जेल में रहते हुए सोमवार को एक साल पूरा हो गया। तिहाड़ जेल के एक अधिकारी ने बताया कि सिसोदिया अपना अधिकतर समय अपनी कोठरी में किताबें पढ़कर और बैडमिंटन खेलकर गुजारते हैं। वह भगवद्गीता भी पढ़ते हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति मामले के संबंध में 26 फरवरी, 2023 को सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी उन्हें इस मामले में गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें तिहाड़ जेल भेज दिया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिसोदिया फिलहाल तिहाड़ जेल नंबर एक में बंद हैं, जहां वह एक अलग कोठरी में दो और कैदियों के साथ रहते हैं, जो गैर–जघन्य मामलों में बंद हैं। तिहाड़ में 16 जेल हैं, सभी जेलों की सभी कोठरियों, वार्ड और बैरकों में जेल अधिकारियों ने काफी सारे सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं।

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे 260 लोगों को हवाई मार्ग से पहुंचाया गया

**जम्मू/भाषा।** वायुसेना ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे लगभग 260 यात्रियों को हवाई मार्ग से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही भारी बर्फबारी के कारण 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने पर 22 जनवरी को सेवा शुरू होने के बाद से एएन–32 विमान से अब तक कुल 1,551 यात्रियों को 'एयरलिफ्ट' किया गया है।

एएन–32 विमान को करगिल कूरियर भी कहा जाता है। इन विमानों से फंसे हुए यात्रियों की सुविधा के लिए जम्मू व श्रीनगर के बीच सप्ताह में तीन दिन और श्रीनगर व कारगिल के बीच सप्ताह में दो बार सेवाएं प्रदान की जाती है।

अधिकारी ने कहा, सोमवार को करगिल कूरियर में कुल 260 यात्रियों को हवाई मार्ग से पहुंचाया गया। इनमें से 113 यात्रियों को श्रीनगर से करगिल और अन्य 93 यात्रियों को जम्मू से कारगिल पहुंचाया गया। इसके अलावा 38 को करगिल से श्रीनगर और 16 अन्य को दो अलग–अलग विमानों में कारगिल से जम्मू पहुंचाया गया।

## विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए सत्ता की जरूरत होती है : उपमुख्यमंत्री अजित पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा है कि विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधि के रूप में सत्ता की जरूरत होती है। अजित ने कहा कि उन्होंने अपनी विचारधारा से समझौता किए बगैर एक अलग राजनीतिक रुख अपनाया है।

पिछले साल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार ने सोमवार को अपने समर्थकों को लिखे एक पत्र में साफ किया कि उनका उद्देश्य किसी को धोखा देना या किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कभी नहीं रहा। उन्होंने कहा कि उन्हें उनकी कार्यशैली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समान लगती है, जिनके नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने राकांपा संस्थापक और अपने चाचा शरद पवार का नाम लिए बगैर कहा, मैंने अपनी विचारधारा से समझौता किए बिना एक अलग राजनीतिक रुख अपनाया है। मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि अब से मेरे नेतृत्व में राकांपा अपनी विकास योजनाओं को लागू करने के लिए काम करेगी और वरिष्ठ नेताओं की व्यक्तिगत आलोचना में शामिल नहीं होगी। उन्होंने कहा ''मैं एक निर्वाचित प्रतिनिधि के रूप में सत्ता पक्ष के साथ–साथ विपक्ष में भी रहा हूं। जब आप सत्ता में होते हैं, तो विकास कार्यों में तेजी आती है, जबकि विपक्ष में रहने पर बाधाएं आती हैं। इसलिए एक निर्वाचित प्रतिनिधि के रूप में काम करते समय आपको सत्ता की आवश्यकता होती है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता।



## एसकेएम के आह्वान पर किसानों ने राजमार्गों के किनारे ट्रैक्टर खड़े करके प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमृतसर/होशियारपुर/हिसार/भाषा।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले किसानों ने कृषि क्षेत्र को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) समझौते से बाहर करने की मांग को लेकर सोमवार को पंजाब और हरियाणा में कई स्थानों पर राजमार्गों के किनारे अपने ट्रैक्टर खड़े किए।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब संयुक्त किसान मोर्चा (गैर–राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के नेतृत्व में हजारों किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च को हरियाणा के साथ लगती पंजाब की सीमा पर खनौरी और शंभू में सुरक्षा बलों ने रोक दिया। किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के वास्ते आंदोलन कर रहे हैं। किसानों ने एसकेएम के बैनर तले सोमवार को दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक 'डब्ल्यूटीओ छोड़ो दिवस' प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि वे राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात को बाधित किए बिना अपने ट्रैक्टर खड़े करेंगे। एसकेएम ने 2020–21 के किसान आंदोलन का नेतृत्व किया था। पंजाब के होशियारपुर में, किसानों ने जालंधर–जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई स्थानों पर अपने ट्रैक्टर खड़े किए। दोआबा किसान समिति के प्रदेश अध्यक्ष जंगवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों ने टांडा के बिजली घर चौक पर भी अपने ट्रैक्टर सड़क पर खड़े किए।

चौहान ने एक सभा को संबोधित करते हुए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की नीतियों की आलोचना की और उन्हें किसान विरोधी बताया। भारतीय किसान यूनियन (राजेवाल), बीकेयू (कादियान), बीकेयू (एकता उगराहां) जैसे कई अन्य कृषि संगठनों के सदस्यों ने भी प्रदर्शन किया और होशियारपुर–फगवाड़ा रोड, नसराला–तारागढ़ रोड, दोसरका–फतेहपुर रोड, बुल्लोवाल–एलोवाल रोड और भूंगा–हरियाणा रोड पर अपने ट्रैक्टर खड़े किए। प्रदर्शनकारियों ने एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी, कर्ज माफी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने और किसानों के लिए पेंशन की भी मांग की। अमृतसर में, किसानों ने अजनाला, जंडियाला गुरु, रय्या और ब्यास में राजमार्गों के किनारे अपने वाहन खड़े किए। लुधियाना में, एसकेएम से जुड़े किसानों ने डब्ल्यूटीओ के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए लुधियाना–चंडीगढ़ रोड पर राजमार्ग के किनारे अपने ट्रैक्टर खड़े किए। हरियाणा के हिसार में किसानों ने राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर 50 स्थानों पर अपने ट्रैक्टर खड़े करके विरोध प्रदर्शन किया।

## यात्री वाहन क्षेत्र की वृद्धि अगले वित्त वर्ष में 5 से 7% रहेगी : क्रिसिल

**मुंबई/भाषा।** यात्री वाहन (पीवी) क्षेत्र में अगले वित्त वर्ष में पांच से सात प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को कहा कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) खंड की अगुवाई में यात्री वाहन क्षेत्र लगातार तीसरी बार नया शिखर छूएगा। एजेंसी ने कहा कि इसे चालू वित्त वर्ष में कारों और निर्यात की मांग सुस्त बनी रहने के बावजूद छह से आठ प्रतिशत की अनुमानित दर से बढ़त मिल सकती है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उपभोक्ता प्राथमिकता में एक महत्वपूर्ण बदलाव ने एसयूवी की मांग को बढ़ा दिया है, जिससे इस वित्त वर्ष में इसकी बाजार हिस्सेदारी दोगुनी होकर कुल घरेलू मात्रा का लगभग 60 प्रतिशत हो गई है। वित्त वर्ष 2018–19 में कोविड–19 महामारी से पहले एसयूवी खंड की घरेलू बाजार हिस्सेदारी लगभग 28 प्रतिशत थी।

## इंदौर में 494.29 करोड़ रुपए की लागत से निखरेगा रेलवे स्टेशन

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर के रेलवे स्टेशन को ''अमृत स्टेशन'' के रूप में 494.29 करोड़ रुपए की लागत से नए सिरे से विकसित किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ''प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना'' के तहत देशभर में जिन 553 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की नींव रखी, उनमें इंदौर का रेलवे स्टेशन भी शामिल है। रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सांसद शंकर लालवानी ने कहा, शहर के रेलवे स्टेशन को 494.29 करोड़ रुपए की लागत से नए सिरे से अगले 42 माह के भीतर विकसित किया जाएगा। इसे किसी हवाई अड्डे की तरह अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस किया जाएगा। लालवानी ने कहा कि पुनर्विकास परियोजना को आगामी 50 साल के नजरिये से इस तरह अमली जामा पहनाया जाएगा कि स्थानीय रेलवे स्टेशन हर रोज एक लाख यात्रियों की आवाजाही का बोझ उठा सके। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत 1,000 यात्रियों के बैठने की क्षमता वाला वातानुकूलित प्रतीक्षा कक्ष, भूमिगत पार्किंग, 23 लिफ्ट, 17 एस्केलेटर और सामान ढोने वाली तीन लिफ्ट का निर्माण किया जाएगा।



## 'डबल इंजन' सरकार के तहत मध्य प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है : मोहन यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सीहोर (मप्र)/भाषा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को कहा कि केंद्र और मध्य प्रदेश में भाजपा की ''डबल इंजन'' सरकार के तहत राज्य विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश के 33 रेलवे स्टेशनों सहित भारतीय रेलवे के 544 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखने के बाद आई है।

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि महिलाओं, युवाओं और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। यादव ने सीहोर स्टेशन पर एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में उद्योग का विस्तार हुआ है और रोजगार के अवसर बढ़े हैं। उन्होंने कहा, विदेशों के रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाली आधुनिक सुविधाएं अब हमारे स्टेशनों पर भी उपलब्ध हैं। मध्य प्रदेश को नई रेलवे परियोजनाएं मिल रही हैं। यादव ने कहा, डबल इंजन सरकार के तहत राज्य विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है। 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत प्रदेश में 33 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।

## गढ़चिरौली में छह लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

**गढ़चिरौली/भाषा।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया जो कथित तौर पर सुरक्षा बलों पर हुए हमलों में शामिल थी और उस पर छह लाख रुपए का इनाम था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले की मूल निवासी राजेश्वरी उर्फ कमला पडगा गोटा (30) को महाराष्ट्र–छत्तीसगढ़ सीमा पर एक जंगल से पकड़ा गया है। गोटा अप्रैल 2023 में भामरागढ़ के कडमारा वन क्षेत्र और छत्तीसगढ़ के कचलाराम वन क्षेत्र में पुलिस दलों पर गोलीबारी और हिंसा की अन्य घटनाओं में कथित रूप से शामिल थी।

## नायडू की जमानत रद्द करें, उनके परिवार ने अधिकारियों को धमकाने वाला बयान दिया: आंध्र प्रदेश सरकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आंध्र प्रदेश सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से कौशल विकास निगम घोटाले में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू को दी गई जमानत रद्द करने का अनुरोध किया और दावा किया कि उनके परिवार के सदस्यों ने जांच में बाधा डालने के लिए लोक सेवकों को 'धमकाने' वाले बयान दिए हैं।

राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ को बताया कि नायडू के परिवार के सदस्यों ने सार्वजनिक रूप से बयान दिया है कि वे सत्ता में आने पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। शीर्ष अदालत मामले में नायडू को नियमित जमानत देने के आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के 20 नवंबर, 2023 के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है।

आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा, हमने अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए एक आवेदन दायर किया है। आरोपी (नायडू) के परिवार के सदस्यों द्वारा बयान दिए गए हैं... परिवार के सदस्य कह रहे हैं कि जब हम सत्ता में आएंगे, तो हम इन सभी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) में मेरी (राज्य की) अंतिम प्रार्थना जमानत रद्द करने की है। मैं जमानत के आदेश के खिलाफ अपील करता हूं। मैं आपको एक परिस्थिति दिखा रहा हूं, जो प्रासंगिक है। वकील महफूज ए. नाजकी के माध्यम से शीर्ष अदालत में दायर आवेदन में राज्य सरकार ने अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी है। रोहतगी ने पीठ से कहा कि चुनाव से ठीक पहले ऐसे धमकी भरे बयान देने वालों को जमानत का लाभ या रियायत नहीं दी जा सकती। नायडू की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने कहा कि वे आवेदन पर जवाब दाखिल करेंगे। पीठ ने नायडू के वकील से दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा तथा मामले की अगली सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तारीख तय की। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 28 नवंबर को उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर नायडू से जवाब मांगा था। शीर्ष अदालत ने 73–वर्षीय तेदेपा नेता की जमानत शर्तों में भी ढील दी थी और उन्हें सुनवाई की अगली तारीख आठ दिसंबर तक सार्वजनिक रैलियों और बैठकों में भाग लेने की अनुमति दी थी।

## मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के खिलाफ दो मामले दर्ज

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के बीड जिले में बिना अनुमति के समर्थकों के विरोध प्रदर्शन करने और दो अलग–अलग स्थानों पर सड़क बंद करने के लिए मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों घटनाओं में जरांगे घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे, लेकिन उनके समर्थक उनकी अपील पर सड़कों पर उतर आए थे, इसलिए उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए। लगभग 80 लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को शिरूर गांव के जतनंदूर फाटा और बीड जिले के पटोदा में बीड–अहमद नगर रोड पर विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमें राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए गए थे और सड़कें अवरुद्ध कर दी गईं। अधिकारी ने कहा, जरांगे की अपील पर विरोध प्रदर्शन किया गया था।

## बस के अंदर छात्राओं से छेड़छाड़: सुशीबेन शाह ने कहा, स्कूल जिम्मेदारी से बच नहीं सकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष सुशीबेन शाह ने सोमवार को एक मॉल जाने के दौरान बस के अंदर छात्राओं से हुए छेड़छाड़ के हालिया प्रकरण को परेशान करने वाली घटना बताया और कहा कि स्कूलों को ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए हर प्रयास करने होंगे।

यह घटना 20 फरवरी को उस समय हुई जब ठाणे के एक निजी स्कूल की छात्राएं मुंबई के घाटकोपर स्थित एक मॉल में पिकनिक पर गए थे। एक छात्रा ने पुलिस से शिकायत दी कि बस परिचालक ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया है। छात्रा की शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू की और परिचालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, इस मामले में स्कूल के कुछ कर्मचारियों को भी बर्खास्त कर दिया गया। शाह ने संवाददाताओं से कहा, इस परेशान कर देने वाली घटना में स्कूल प्रबंधन पूरी तरह से जिम्मेदार है। स्कूलों में बच्चों के अनुकूल माहौल बनाने की जरूरत है। स्कूल प्रबंधन को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना चाहिए कि वह अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा। शाह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन को बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए और उसकी जिम्मेदारी ऐसी यात्राओं के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से कहीं अधिक है।

एमएससीपीसीआर अध्यक्ष ने कहा कि उनका इरादा राज्य की सभी शैक्षणिक सुविधाओं में 'बाल सुरक्षा अभियान' को तेज करने का है। उन्होंने कहा, 20 फरवरी की घटना के पीड़ितों और उनके माता–पिता की काउंसलिंग की जाएगी। मैं व्यक्तिगत रूप से जांच की निगरानी करूंगी। शाह ने ऐसी यात्राओं पर प्रतिबंध लगाने के बजाय बच्चों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्कूलों के व्यावसायीकरण पर भी अफसोस जताया।

# मोदी ने दक्षिण रेलवे में 44 अमृत भारत स्टेशनों की व 193 आरओबी/आरयूबी की आधारशिला रखी



तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने सेंट थॉमस माउंट रेलवे स्टेशन पर भाग लिया।



केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने मेट्टुप्पलायम रेलवे स्टेशन पर भाग लिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देशभर में 554 अमृत स्टेशनों की ऑनलाइन आधारशिला रखी तथा भारतीय रेलवे में 1500 आरओबी/आरयूबी का लोकार्पण/शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने दक्षिण रेलवे में 44 अमृत भारत स्टेशनों की आधारशिला रखी गई और 193 आरओबी/आरयूबी की आधारशिला रखी गई ।

**दक्षिणी रेलवे में औपचारिक समारोह :** दक्षिणी रेलवे में 44 अमृत भारत स्टेशनों की आधारशिला रखी गई और 75 आरओबी की आधारशिला रखी गई, 4 आरओबी और 114 आरयूबी भी राष्ट्र को समर्पित किए गए। दक्षिण रेलवे ने सोमवार को पूरे जोन में 237 स्थानों/रेलवे स्टेशनों पर औपचारिक समारोह आयोजित किए जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधियों, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, प्रसिद्ध खिलाड़ियों, स्वतंत्रता सेनानियों, स्कूल/कॉलेज के छात्रों, सरकारी अधिकारियों, रेल यात्रियों और स्थानीय समुदाय के सदस्य शामिल हुए। भाषण में प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तमिलनाडु में कुंभकोणम स्टेशन के पुनर्विकास का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित पुनर्विकास वास्तुकला की चोल-द्रविड़ शैली के संयोजन से स्टेशन को एक वास्तुशिल्प नया रूप प्रदान करेगा तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने सेंट थॉमस माउंट रेलवे स्टेशन पर भाग लिया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण , पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने मेट्टुप्पलायम रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में भाग लिया। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान कार्यक्रम में भाग लिया। केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने अट्टिंगल निर्वाचन क्षेत्र में जनतामुक्कु गेट और एडवा गेट पर आयोजित 2 स्थानों पर भाग लिया। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी ने आरओबी वेन्यू, विल्लियानूर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह के दौरान उन स्कूली विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए, जिन्होंने इस कार्यक्रम से पहले आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया था और पुरस्कार जीते थे।

**एसआर में अमृत भारत स्टेशन :** प्रधानमंत्री ने दक्षिणी रेलवे में 44 रेलवे स्टेशनों की आधारशिला रखी, जिनमें चेन्नई बीच, चेन्नई पार्क, अंबत्तूर, सेंट थॉमस माउंट, गुइंडी, माम्बलम, मेट्टुपालयम, कोयंबटूर उत्तर, इरोड, मोरप्पुर, डिंडीगुल, तूतीकोरिन, तिरुचेंदूर, मयिलादुतुरै, कुंभकोणम, वृद्धाचलम, चेंगन्नूर, त्रिशूर, गुरुवयूर, ओट्टापलम, नीलांबुर रोड और कन्नूर शामिल हैं। 4100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तमिलनाडु में कुल 77 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन की इस पहल के तहत लिया जा रहा है। इनमें से 18 स्टेशनों पर चरण-1 का कार्य प्रगति पर है, जिसकी आधारशिला अगस्त में प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई थी। सोमवार को प्रधानमंत्री ने शेष 34 अमृत स्टेशनों की आधारशिला रखी। दक्षिण पश्चिम रेलवे के अधिकार क्षेत्र में धर्मपुरी और होसुर सहित तमिलनाडु केरल में कुल 35 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन की इस पहल के तहत 3000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से लिया जा रहा है। इनमें से 7 स्टेशनों पर चरण-1 का कार्य प्रगति पर है, जिसकी आधारशिला अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई थी। सोमवार को प्रधानमंत्री ने 10 अमृत स्टेशनों की आधारशिला रखी।

**रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज :** सोमवार को प्रधानमंत्री ने 75 आरओबी की आधारशिला रखी और 4 आरओबी और 114 आरयूबी राष्ट्र को समर्पित किए। समपार फाटकों के स्थान पर ये पुल और अंडरपास सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षा बढ़ाएंगे, सड़क वाहनों की रोकथाम को कम करेंगे और गांवों और कस्बों को जोड़ने वाले पुल के रूप में कार्य करके कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगे। यह अवरोधों को कम करके, गति में सुधार करके और रेल बुनियादी ढांचे का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करके ट्रेन संचालन की दक्षता में भी वृद्धि करेगा।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र का दौरा करेंगे

**चेन्नई/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार और बुधवार को केरल, तमिलनाडु एवं महाराष्ट्र का दौरा करेंगे और इस दौरान इन राज्यों में करोड़ों रुपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री, किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त जारी करेंगे और किसानों के खातों में 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री 27 फरवरी को सुबह लगभग 10:45 बजे केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) का दौरा करेंगे और इसके बाद लगभग 5:15 बजे तमिलनाडु के मदुरै में 'क्रिएटिंग द फ्यूचर-ऑटोमोटिव एमएसएमई उद्यमियों के लिए डिजिटल मोबिलिटी' कार्यक्रम में भाग लेंगे। अगले दिन प्रधानमंत्री सुबह लगभग 9:45 बजे तमिलनाडु के थूथुकुडी में लगभग 17,300 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे और फिर महाराष्ट्र के यवतमाल के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां वह 4,900 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और पीएम किसान सम्मान



निधि की 16वीं किस्त जारी करेंगे। यवतमाल में प्रधानमंत्री लगभग 3,800 करोड़ रुपये की 'नमो शेतकरी महासम्मान निधि' की दूसरी और तीसरी किस्त भी वितरित करेंगे। इससे पूरे महाराष्ट्र में लगभग 88 लाख लाभार्थी किसान लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री पूरे महाराष्ट्र में 5.5 लाख महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को 825 करोड़ रुपये का रिवॉल्विंग फंड वितरित करेंगे। यह राशि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई निधि के अतिरिक्त है।

## तमिलनाडु सरकार को ईडी की मदद करनी चाहिए : न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि राज्य मशीनरी को यह पता लगाने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मदद करनी चाहिए कि क्या कोई अपराध हुआ है, क्योंकि इसमें कोई नुकसान नहीं है। शीर्ष अदालत ने पिछले हफ्ते धनशोधन के एक मामले में ईडी की जांच के खिलाफ मद्रास उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने को लेकर तमिलनाडु सरकार से सवाल किया था।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने कथित अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टर को तलब किया था। इन नौकरशाहों के साथ-साथ राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसने ईडी की ओर से जारी समन पर रोक लगा दी थी। जांच एजेंसी ने उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है।

ईडी की याचिका सोमवार को न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आयी। पीठ ने कहा, राज्य सरकार और उसके अधिकारियों को यह पता लगाने में ईडी की मदद करनी चाहिए कि क्या कोई अपराध हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा, अगर राज्य मशीनरी को मदद करने के लिए कहा जाता है, तो इससे क्या नुकसान हुआ है?

तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि शीर्ष अदालत ने पिछली बार पूछा था कि राज्य सरकार उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका कैसे दायर कर सकती है? पीठ ने कहा, ''अगर जिला कलेक्टर से कुछ पूछा जाता है तो राज्य सरकार को क्या परेशानी है? यदि व्यक्तिगत हैसियत से जिला कलेक्टर को परेशानी थी तो वह (याचिका) दायर कर सकते थे।'' इसमें कहा गया, राज्य सरकार को (संविधान के अनुच्छेद 256) के तहत संसद के कानून का पालन करना होगा। राज्य को पीएमएलए (धनशोधन निवारण अधिनियम) का अनुपालन करना होगा।

पीठ ने पूछा कि उच्च न्यायालय के समक्ष दायर रिट याचिका कैसे कायम रखी जा सकती है। सिब्बल ने कहा कि पीएमएलए के तहत खनन एक अधिसूचित अपराध नहीं है और राज्य सरकार पीड़ित है, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय जिला कलेक्टर से जानकारी मांग रहा है।

सिब्बल ने पूछा, ''पीएमएलए के किस प्रावधान के तहत, वे (ईडी) ऐसा करने के हकदार हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि ईडी का संबंध धनशोधन से है। सिब्बल ने कहा, ''इस मामले में, राज्य सरकार (इसलिए) एक रिट याचिका दायर कर रही है, क्योंकि राज्य के प्राधिकारी को खनन पट्टों के संबंध में दस्तावेज पेश करने के लिए कहा गया है।''

उन्होंने कहा कि राज्य ईडी के उस ''सर्वव्यापी आदेश'' से व्यथित है, जिसके तहत इसने जिला कलेक्टर से जानकारियां मांगी है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने दलील दी कि ईडी की याचिका पर शीर्ष अदालत द्वारा राज्य सरकार को कोई औपचारिक नोटिस जारी नहीं किया गया था।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत के नियमों के तहत कैविएट' दायर करने वाले को औपचारिक नोटिस देने की कोई आवश्यकता नहीं होती है। राजू ने कहा कि मामला केवल खनन के अपराध से संबंधित नहीं है, क्योंकि इसमें भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के अपराध भी शामिल हैं।

राजू ने कहा, हम धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) पहलू की भी जांच कर रहे हैं... राज्य सरकार का रवैया देखें। ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही है। राज्य सरकार इसे लेकर क्यों उतावली है। पीठ को अवगत कराया गया कि मामले में एक प्रतिवादी द्वारा एक हलफनामा दायर किया गया है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि हलफनामे को रिकॉर्ड पर रखा जाए और उसने मामले को मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। पिछले हफ्ते मामले की सुनवाई करते हुए पीठ ने राज्य सरकार के वकील से पूछा था, राज्य सरकार यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकती है? किस कानून के तहत? आप हमें समझाएं कि राज्य की (याचिका में) रुचि क्यों है और वह प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकती है। राज्य सरकार क्यों परेशान है। इसने कहा था कि अधिकारियों को ईडी के साथ सहयोग करना चाहिए।



## आईआईटी मद्रास ने भ्रूण की आयु निर्धारित करने के लिए पहला भारत-विशिष्ट एआई मॉडल किया विकसित

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के शोधकर्ताओं ने पहली बार एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल विकसित किया है, जो भारतीय आबादी के लिए विशिष्ट है और गर्भवती महिला में उसकी दूसरी व तीसरी तिमाही में भ्रूण की उम्र का सटीक निर्धारण कर सकता है। भ्रूण की सटीक आयु, गर्भकालीन आयु गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल और सटीक प्रसव तिथियां निर्धारित करने में भी मदद करती है।

वर्तमान में, भारत में चिकित्सक पश्चिमी आबादी के लिए विकसित एक फार्मूले का उपयोग करके गर्भकालीन आयु निर्धारित करते हैं, इससे त्रुटि की संभावना बढ़ जाती है। ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (टीएचएसटीआई), फरीदाबाद सहित शोधकर्ताओं की टीम ने सोमवार को कहा कि 'गर्भिनी-जीए2' नामक नया मॉडल भारतीय आबादी के लिए भ्रूण की उम्र का सटीक अनुमान लगाता है, इससे त्रुटि लगभग तीन गुना कम हो जाती है। पीयर-रिव्यू जर्नल लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया में प्रकाशित अध्ययन में उन्होंने कहा, यह भारतीय जनसंख्या डेटा का उपयोग करके विकसित और मान्य किया जाने वाला पहला अंतिम-तिमाही गर्भकालीन आयु अनुमान मॉडल है।

नया मॉडल नवजात शिशुओं की देखभाल में भी सुधार कर सकता है, इससे भारत में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। यह शोध 'जन्म परिणामों पर उन्नत अनुसंधान के लिए अंत:विषय समूह - डीबीटी इंडिया इनिशिएटिव' ('गर्भिनी) कार्यक्रम का भी हिस्सा है। भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के सचिव डॉ. राजेश गोखले ने सोमवार को एक बयान में कहा,'गर्भिनी डीबीटी का एक प्रमुख कार्यक्रम है, और गर्भकालीन आयु का अनुमान लगाने के लिए इन जनसंख्या-विशिष्ट मॉडल का विकास एक सराहनीय परिणाम है। इन मॉडलों को पूरे देश में मान्य किया जा रहा है।

आईआईटी मद्रास के सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव बायोलॉजी एंड सिस्टम्स मेडिसिन के समन्वयक और डेटा का नेतृत्व करने वाले डॉ. हिमांशु सिन्हा ने कहा,आईआईटी मद्रास भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के उद्देश्य से जमीनी स्तर और स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल समस्याओं को हल करने में योगदान दे रहा है। इस उद्देश्य से, हम प्रतिकूल जन्म परिणामों की भविष्यवाणी करने के लिए उपकरण बनाने के लिए उन्नत डेटा विज्ञान और एआई/एमएल तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इस दिशा में पहला कदम सटीक जीए मॉडल विकसित करना है, जो पश्चिमी आबादी का उपयोग करके डिजाइन किए गए वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले मॉडल की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। गर्भिनी-जीए2 ने नियमित रूप से मापे जाने वाले तीन भ्रूण अल्ट्रासाउंड मापदंडों का उपयोग किया, और इसे हरियाणा के गुरुग्राम सिविल अस्पताल में प्रलेखित गर्भिनी कोहोर्ट डेटा का उपयोग करके विकसित किया गया था, और दक्षिण भारत में एक स्वतंत्र कोहोर्ट में मान्य किया गया था। शोधकर्ताओं ने कहा कि एक बार संभावित अखिल भारतीय समूहों में मान्य होने के बाद, इस गर्भिनी-जीए2 को पूरे भारत के क्लीनिकों में तैनात किया जा सकता है, इससे प्रसूति विशेषज्ञों और नवजात विशेषज्ञों द्वारा दी जाने वाली देखभाल में सुधार होगा, इससे भारत में मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी।

गर्भिनी कार्यक्रम के प्रमुख अन्वेषक और प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉ. शिंजिनी भटनागर ने कहा,गर्भकालीन आयु सटीकता में सुधार करना गर्भिनी अध्ययन के व्यापक लक्ष्यों का एक महत्वपूर्ण घटक है, इसका उद्देश्य गर्भावस्था के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर द्रमुक सक्रिय, सीट शेयरिंग को लेकर घटक दलों के साथ करेगी बैठक

**चेन्नई।** लोकसभा चुनाव में विराट विजय के लक्ष्य के साथ चुनावी मैदान में उतरने जा रही डीएमके सोमवार को गठबंधन के घटक दलों के साथ सीट शेयरिंग को लेकर विचार-विमर्श करेगी।

दलित राजनीतिक दल, विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके), वामपंथी दल, सीपीआई और सीपीआई-एम व मरुमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके) के नेता केंद्रीय मंत्री टी.आर. बालू के नेतृत्व में डीएमके नेताओं के साथ चेन्नई स्थित पार्टी कार्यालय में सीट शेयरिंग पर विस्तार से चर्चा करेंगे। वहीं, डीएमके नेता तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के साथ सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि डीएमके कोयंबटूर सीट सीपीआई-एम के लिए न छोड़ने को लेकर अडिग हो चुकी है। डीएमके ने सीपीआई-एम नेताओं से स्पष्ट कह दिया है कि वो मदुरै और अन्य लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन कोयंबटूर से नहीं। सीपीआई-एम के राज्य सचिव के बालाकृष्णन ने कहा कि पार्टी कोयंबटूर से चुनावी मैदान में लड़ने के लिए तैयार है। नागपट्टिनम और तिरुप्पुर सीट सीपीआई के खाते में जा सकती है। इन दोनों सीटों पर साल 2019 में भी सीपीआई चुनाव लड़ी थी। डीएमके तमिल सुपरस्टार और मक्कल निधि मैयम (एमएनएम) के अध्यक्ष कमल हासन के साथ भी चर्चा कर रही है। डीएमके नेतृत्व इस बात को लेकर उत्सुक है कि कमल हसन अपने गठबंधन के घटक दलों के साथ कोयंबटूर से चुनाव लड़ें या चेन्नई की किसी और सीट से। बता दें कि विदुथलाई चिरुथिगल काची दो सीटों से चुनाव लड़ेगी। पार्टी के संस्थापक व मौजूदा सांसद थोल थिरुमावलन और महासचिव सी. रविकुमार को इन सीटों से फिर से मैदान में उतारे जाने की संभावना है। गौरतलब है 2019 के लोकसभा चुनाव में डीएमके ने धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन की अगुवाई में तमिलनाडु की 39 सीटों में से 38 सीटों पर जीत हासिल की थी।

## ईडी ने धनशोधन मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम के खिलाफ नया आरोप पत्र दायर किया



**चेन्नई/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2011 में कुछ चीनी नागरिकों को कथित तौर पर वीजा जारी कराने से जुड़े धनशोधन मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और कुछ अन्य के खिलाफ नया आरोप पत्र दायर किया है। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने अभियोजन शिकायत 25 जनवरी को विशेष धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष दायर की थी, जिसने अभी तक इसका संज्ञान नहीं लिया है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम के अलावा ईडी ने उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमन और कुछ अन्य के नाम आरोप पत्र में दर्ज किए हैं। सूत्रों ने बताया कि अदालत ने 16 मार्च को सुनवाई के लिए मामले को सूचीबद्ध किया। कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं और एजेंसी ने इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज किया है।

सांसद ने इस मामले को सबसे बड़ा 'फर्जी मामला' करार दिया था और कहा था कि उन्हें पूरा विश्वास है कि उन्होंने 250 लोगों को तो क्या, एक भी चीनी नागरिक को वीजा प्रक्रिया में मदद नहीं की। उन्होंने कहा था कि यह मामला उनके माध्यम से उनके पिता पी चिदंबरम पर निशाना साधने की कोशिश है। ईडी का धनशोधन का मामला सीबीआई की एक प्राथमिकी पर आधारित है।

## मुकदमे का सामना करेंगे तमिलनाडु के मंत्री पेरियासामी, मद्रास उच्च न्यायालय का आदेश



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में तमिलनाडु के ग्रामीण विकास मंत्री आई. पेरियासामी को आरोपमुक्त करने का भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम विशेष न्यायालय का आदेश सोमवार को रद्द कर दिया और मंत्री को मुकदमे का सामने करने का निर्देश दिया।

न्यायाधीश ने कहा कि यदि भ्रष्टाचार के मामलों का सामना करने वाले विधायक और मंत्री आपराधिक मुकदमों को जल्द से जल्द निपटाने लगें, तो आपराधिक न्याय की वैधता खत्म हो जाएगी और जनता का विश्वास डगमगा जाएगा। न्यायाधीश ने कहा कि जनता को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि इस राज्य में किसी नेता के खिलाफ मुकदमा आपराधिक न्याय प्रणाली का मजाक उड़ाने के अलावा और कुछ नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि संविधान के तहत एक संवैधानिक अदालत यह सुनिश्चित करने के लिए कर्तव्यबद्ध है कि ऐसी चीजें न हों। यह मामला 2006 से 2011 के बीच द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) की पिछली सरकार के दौरान तमिलनाडु आवासीय बोर्ड के तहत एक आवास के आवंटन को लेकर मंत्री पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से संबंधित है। न्यायमूर्ति एन. आनंद वेंकटेश ने कहा कि तमिलनाडु के निर्वाचित संसद सदस्यों और विधानसभा सदस्यों से संबंधित आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए अतिरिक्त विशेष अदालत को 26 मार्च या उससे पहले - आज से एक महीने के अंदर सुनवाई फिर से शुरू करनी चाहिए।

## न्यायालय ने नफरती भाषण मामले में अन्नामलाई के खिलाफ अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाई



**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित नफरती भाषण को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई के खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले में सोमवार को कार्यवाही पर रोक लगा दी। उन पर, एक यूट्यूब चैनल को अक्टूबर 2022 में दिये साक्षात्कार में पटाखे जलाने के मुद्दे पर ईसाइयों के खिलाफ नफरती भाषण देने का आरोप लगाया गया था। साक्षात्कार में दिये बयानों के मूल पाठ पर गौर करने के बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने कहा, प्रथम दृष्टया, कोई नफरती भाषण नहीं दिया गया। इसलिए कोई मामला नहीं बनता है। पीठ ने शिकायतकर्ता को एक नोटिस जारी किया, जिन्होंने अन्नामलाई पर आरोप लगाया था कि उन्होंने 2022 में दिवाली से दो दिन पहले, पटाखे जलाने के सिलसिले में नफरत फैलाने वाले बयान दिये थे।

पीठ ने अपने आदेश में कहा, 29 अप्रैल 2024 से शुरू हो रहे सप्ताह में जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया जाए। इस बीच, ''अदालत (जहां मामले की सुनवाई चल रही है) में आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी।'' अन्नामलाई की ओर से न्यायालय में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा और साईं दीपक ने साक्षात्कार का मूल पाठ शीर्ष अदालत के समक्ष पेश किया और कहा कि यह नफरती भाषण का मामला नहीं है। अन्नामलाई ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था जिसमें उसने मामले में भाजपा नेता को जारी समन रद्द करने से इनकार कर दिया था। वी. पीयूष नाम के व्यक्ति की शिकायत पर अदालत ने समन जारी किये थे।

## वासन के नेतृत्व वाली तमिल मनीला कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के बिना तमिलनाडु में गठबंधन करने की अपनी कोशिश के तहत सोमवार को जी के वासन के नेतृत्व वाली तमिल मनीला कांग्रेस (टीएमसी) के साथ हाथ मिलाया। भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले क्षेत्रीय दल तमिल मनीला कांग्रेस ने राज्य में कई अन्य दलों के भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने की उम्मीद जताई है।

भाजपा की प्रदेश इकाई ने वासन की सराहना करते हुए कहा कि आगामी दिनों में गठबंधन के मार्गदर्शन के लिए उनकी सलाह ली जाएगी। दिवंगत नेता जी के मूपनार ने चुनावों के लिए अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करने के फैसले के विरोध में कांग्रेस छोड़ दी थी और 1996 में टीएमसी की स्थापना की



थी। इसका 2002 में कांग्रेस में विलय हो गया लेकिन वासन ने 2014 में कांग्रेस से नाता तोड़ लिया और टीएमसी को नए सिरे से खड़ा किया। वासन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वह 27 फरवरी को तिरुपुर जिले के पल्लडम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में शामिल होंगे।

वासन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके दिवंगत पिता एवं अनुभवी नेता मूपनार द्वारा स्थापित किए जाने के समय से ही उनकी पार्टी का 'राष्ट्रीय दृष्टिकोण'' रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ हाथ मिलाने के फैसले के पीछे का कारण तमिलनाडु और तमिलों का कल्याण तथा मजबूत एवं समृद्ध भारत बनाना है।

उन्होंने कहा, ''आज, देश की आर्थिक वृद्धि और सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। गरीबों का उत्थान ज्यादा जरूरी है, बुनियादी ढांचा बहुत जरूरी है। हम विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने जा रहे हैं। यह सब ध्यान में रखते हुए टीएमसी एक ऐसी सरकार, एक ऐसा प्रधानमंत्री चाहती है जो वास्तव में यह सब हासिल कर सके।'' उन्होंने पिछले दशक में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा, तमिल मनीला कांग्रेस राजग के हिस्से के रूप में भाजपा के नेतृत्व में



# महिलाओं, बच्चों और बालिकाओं के समुचित विकास के लिए धरातल पर हो अच्छा काम : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी की उपस्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल तथा चिल्ड्रन इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन (सीआईएफएफ) (यू के) की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, इंडिया, श्रीमती मंजुला सिंह के मध्य सोमवार को सचिवालय में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। प्रदेश में सीआईएफएफ इस एमओयू के तहत अगले पांच साल में महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के साथ मिलकर 350 करोड़ रूपये का बजट खर्च करेगा। जिसमें किशोरियों, महिलाओं और बच्चों के पोषण में सुधार के लिए कार्य किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और किशोरी बालिकाओं के समुचित विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने सीआईएफएफ के प्रतिनिधियों को कहा कि इसके लिए सीआईएफएफ ब्लॉक स्तर पर अपनी टीम को और क्रियाशील करें ताकि धरातल पर अच्छा परिणाम दिखे। उन्होंने कहा कि सीआईएफएफ प्रदेशभर में पोषण गुणवत्ता पर निगरानी कर, अपना फीड बैक भी दे ताकि बेहतर सुधार किए जा सके। इसके साथ उन्होंने सीआईएफएफ प्रतिनिधियों से कहा कि वे पोषाहार की रेसिपी में किसी प्रकार की बदलाव की आवश्यकता हो तो वह भी फील्ड में फीडबैक लेकर अवगत करवाए। शासन सचिव ने बताया कि इस एमओयू के तहत सीआईएफएफ महिला एवं बाल विकास के साथ मिलकर किशोरियों, महिलाओं और बच्चों के पोषण में सुधार के लिए कार्यक्रमों को विकसित और सक्षम बनाने के लिए कार्य करेगा। कुणाल ने यह भी बताया कि सीआईएफएफ सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता और कवरेज में सुधार के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध करवायेगा। सीआईएफएफ लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक मानदंडों में बदलाव के दृष्टिकोण से कार्य करेगा। शासन सचिव ने बताया कि राजस्थान सरकार अपने विभिन्न विभागों के माध्यम से इस एमओयू के तहत प्रस्तावित विभिन्न गतिविधियों के लिए कार्यान्वयन/कार्य योजनाओं की योजना के विकास में सीआईएफएफ को इनपुट प्रदान करेगी, जिस पर सीआईएफएफ कार्यान्वयन भागीदारों के साथ काम करेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में 2015 में 7 साल के लिए एमओयू साइन किया गया था जिसे फिर से 5 साल के लिए आगे बढ़ाने के लिए एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है।

# राजस्थान में कई जगह बादल छाए, बूंदाबांदी के आसार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। एक नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान में सोमवार को मौसम ने फिर करवट ली है और राजधानी जयपुर सहित कई इलाकों में बादल छाए रहे। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, आज एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में बादल छाए हुए हैं। अगले 48 घंटों के दौरान जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, कोटा और जयपुर संभाग में कहीं- कहीं हल्की बारिश-बूंदाबांदी होने की संभावना है। इसके अनुसार एक मार्च से एक और नये तीव्र पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पश्चिमी राजस्थान और आसपास में एक प्रेरित परिसंचरण तंत्र बनने की संभावना है जिसके प्रभाव से एक-दो मार्च को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, 30-40 किलोमीटर की गति से तेज हवाएं/आंधी चलने तथा कुछ भागों में बारिश होने की संभावना है।

इस बीच, 24 घंटे की अवधि में करौली में न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री, संगरिया में 8.3 डिग्री और श्रीगंगानगर में 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि बाकी जगह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।

# अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने इस्तीफा दिया

जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने ऐसे समय में अपना पद छोड़ा है जब राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) ने बकाये का भुगतान न करने पर सवाई मान सिंह स्टेडियम और आरसीए कार्यालय को शुक्रवार को सील कर दिया था।

सवाई मानसिंह स्टेडियम को अगले महीने से आईपीएल के मैचों की मेजबानी करनी है। गहलोत ने बयान में कहा,आरसीए कार्यालय में जल्दबाजी में ताला लगा दिया गया। अब मुझे निशाना बनाकर आरसीए में अविश्वास का माहौल पैदा किया जा रहा है। यह मेरे लिए असहनीय स्थिति है। उन्होंने कहा, राज्य में आईपीएल मैचों के आयोजन में किसी तरह की बाधा उत्पन्न ना हो और क्रिकेट को नुकसान ना हो, इसलिए मैं राज्य की क्रिकेट और क्रिकेट खिलाड़ियों को इस स्थिति से बचाने के लिए स्वेच्छा से आरसीए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं। गहलोत ने कहा कि वह जानते हैं कि उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है।



# मुख्यमंत्री ने बीच रास्ते में काफिले को रोककर लिया चाय का आनंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को एक कार्यक्रम से लौटते समय बीच रास्ते में रूक कर चाय की थड़ी पर आम आदमी की तरह चाय का आनंद लिया। शर्मा ने थड़ी पर मौजूद लोगों से आत्मीयता से बात की। मुख्यमंत्री की सादगी देखकर लोग अभिभूत हो गए। इस दौरान सांसद रामचरण बोहरा भी मुख्यमंत्री के साथ थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्ट्रीट वेंडर को आर्थिक प्रोत्साहन देने के लिए पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना की शुरूआत की गई है। साथ ही, वोकल फॉर लोकल के द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री लाल बत्ती पर आमजन की तरह ही अपना काफिला रोकने का निर्णय ले चुके है, जिससे आमजन को ट्रैफिक की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



# प्रदेश को पानी के मामले में समृद्ध बनाने में ईआरसीपी की महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान बरसों से पानी की कमी से जूझता आ रहा है। इसलिए प्रदेशवासी इसके महत्व से भली-भांति परिचित हैं। ऐसी स्थिति में पूर्वी राजस्थान की प्यास बुझाने वाली संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना (एकीकृत ईआरसीपी) प्रदेश को पानी के मामले में समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

शर्मा ने रविवार को पूर्वी राजस्थान दौरे के दूसरे दिन सवाई माधोपुर, दौसा एवं टोंक सहित विभिन्न जिलों में आयोजित आभार एवं स्वागत सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री का विभिन्न स्थानों पर भव्य अभिनन्दन किया गया। लोगों ने मुख्यमंत्री पर फूल बरसा कर और मालाएं पहनाकर भारी उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि प्रदेश को पानी के मामले में समृद्ध बनाने के लिए हमारी पूर्ववर्ती सरकार ने ईआरसीपी की शुरूआत की थी। लेकिन पिछली सरकार ने राजनीति करते हुए पूर्वी राजस्थान के लिए बेहद महत्वपूर्ण इस परियोजना को अटकाने और भटकाने का कार्य किया। हमने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से ऐतिहासिक त्रिपक्षीय एमओयू पर इसे शीघ्र धरातल पर लाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। इसका बजट भी 37 हजार करोड़ रूपये से बढ़ाकर 45 हजार करोड़ कर दिया गया है।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार मजदूर, युवा, महिला और किसानों की सरकार है। हमने मात्र दो महीने के कार्यकाल में ही संकल्प पत्र के वादों को पूरा करना प्रारम्भ कर दिया है। राज्य सरकार 70 हजार सरकारी पदों पर भर्ती कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाएगी। साथ ही उनके कौशल में वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कर युवाओं के भविष्य पर कुठाराघात किया गया। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा दिलाने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। यदि आवश्यकता हुई तो ऐसे मामलों की सीबीआई से भी जांच करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में माफियों और बदमाशों ने राजस्थान को अपनी शरणस्थली बना रखा था। शक्ति और भक्ति की इस पावन धरा पर गुण्डाराज को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मस्तिष्क से मृत घोषित किए गए व्यक्ति ने तीन रोगियों को दिया नया जीवन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के कोटा में इलाज के दौरान मस्तिष्क रूप से मृत घोषित किए गए 50 वर्षीय व्यक्ति के अंग दान करने से जयपुर और जोधपुर में तीन रोगियों को नया जीवन मिला। झालावाड़ सरकारी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर शिव भगवान शर्मा ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' को यह जानकारी दी। दरअसल, 18 फरवरी को भूरिया नामक व्यक्ति को घर की छत से गिरने के बाद घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था। इलाज के दौरान 24 फरवरी को उन्हें मस्तिष्क से मृत घोषित कर दिया गया, जिसके बाद झालावाड़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉक्टर साजिद खान और मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने राज्य सरकार को मामले की जानकारी दी।

राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह और अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) शुभ्रा सिंह ने अस्पताल प्रशासन को अंगदान की मंजूरी लेने के लिए परिवार से बात करने को कहा।

डॉक्टर शर्मा ने बताया कि भूरिया का यकृत और गुर्दे दान करने के लिए उनकी पत्नी से मंजूरी मिलने के बाद शनिवार को मेडिकल कॉलेज को अंग पुनर्प्राप्ति के लिए एक प्रमाण पत्र जारी किया गया और रविवार को भूरिया के गुर्दे, यकृत और कॉर्निया निकाल लिए गए।

उन्होंने बताया कि एक गुर्दा और यकृत जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल और दूसरा गुर्दा एम्स, जोधपुर को आवंटित किया गया। झालावाड़ के सीएमएचओ डॉ. खान ने कहा कि इन अंगों को जरूरतमंद मरीजों तक तत्काल पहुंचाने के लिए यातायात पुलिस के समन्वय से एक हरित गलियारा बनाया गया और रविवार को अंगों को चार एम्बुलेंस से जयपुर और जोधपुर भेजा गया। सीएमएचओ ने कहा कि रविवार रात को दो अस्पतालों में तीन मरीजों को अंग प्रत्यारोपित किए गए, जिससे उन्हें नया जीवन मिल गया।



# अमृत भारत स्टेशन देश की विरासत और विकास के प्रतीक : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अमृत काल में भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से दौड़ रही है। नया भारत अभूतपूर्व गति एवं कौशल से कार्य कर रहा है। आज हम बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा करने में दिन-रात जुटकर कार्य भी कर रहे हैं। भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मोदी ने कहा कि देश के युवा विकसित भारत के सूत्रधार बन रहे हैं। विकसित भारत के सपने को साकार करने में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत देश भर में लगभग 41 हजार करोड़ रूपए की लागत से 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य के शिलान्यास और 1500 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। साथ ही, उन्होंने उत्तरप्रदेश के विश्वस्तरीय गोमती नगर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन भी किया। इनमें प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशन एवं 112 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास शामिल हैं। देश भर के 2 हजार 21 स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें 40 लाख से अधिक लोग जुड़े। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और प्रधानमंत्री का इन सौगातों के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है जिसका साक्षात उदाहरण भारतीय रेलवे है। एक दशक पहले रेलवे का औसत वार्षिक बजट 45 हजार करोड़ रूपए था जो अब बढ़कर ढाई लाख करोड़ रूपए से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले वंदे भारत जैसी सेमी हाईस्पीड और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों की कल्पना भी मुश्किल थी मगर आज गरीब और मध्यम वर्ग के लोग एयरपोर्ट पर उपलब्ध वर्ल्ड क्लास सुविधाएं रेलवे स्टेशन पर पा रहे हैं।

मोदी ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन देश की विरासत और विकास के प्रतीक हैं। प्रत्येक स्टेशन स्थानीय शहर की विशेषता को दर्शाता है। उदाहरण के लिए सिक्किम के रंगपुर स्टेशन पर स्थानीय वास्तुकला का प्रभाव है तो सांगानेर के स्टेशन पर सोलहवीं शताब्दी की हैण्ड ब्लॉक प्रिंटिंग की छाप नजर आती है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य सघन रूप से किया जा रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के समुचित अवसर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में रेलवे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आधुनिकीकरण के साथ-साथ रेलवे में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही है जिससे आमजन को राहत मिल रही है। शर्मा ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस और अमृत भारत स्टेशन की चर्चा विश्वभर में हो रही है। भारतीय रेलवे ने नई रेलवे लाइनों के निर्माण, हाई स्पीड ट्रेनें, स्वच्छता एवं डिजिटलाइजेशन के लिए किए गए नवाचारों से नया मुकाम हासिल किया है।




# अभियंताओं एवं कर्मचारियों ने लिया बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण

जयपुर/दक्षिण भारत । कार्यस्थल पर होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं एवं किसी आपात स्थिति का सामना करने के लिए कार्मिकों को तैयार करने के उद्देश्य से जयपुर विद्युत वितरण निगम ने एक नवाचार प्रारंभ किया है। इसके लिए निगम के अभियंताओं एवं अन्य कार्मिकों को एसएमएस अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा समय-समय पर बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसकी शुरूआत सोमवार को एसएमएस के ट्रोमा सेन्टर स्थित स्किल लैब में हुई जहां जयपुर डिस्कॉम के अभियंताओं एवं कार्मिकों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय विद्युत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में एसएमएस अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों एवं मास्टर ट्रेनर्स की टीम ने डिस्कॉम के 30 अभियंताओं एवं अन्य कार्मिकों को सीपीआर, इलेक्ट्रिक शॉक, बर्न इंजरी सहित अन्य प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं फर्स्ट ऐड का प्रशिक्षण दिया।

जयपुर डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) संजय सिंह नेहरा, जयपुर संभाग के मुख्य अभियंता (ओएंडएम) आर.के.जीनवाल, एसएमएस अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. जगदीश मोदी एवं ट्रोमा एवं अस्थि रोग संस्थान के नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने अभियंताओं एवं कार्मिकों को कार्यशाला के समापन पर सर्टिफिकेट प्रदान किए।

# शिक्षा जीवन का आधार : देवासी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है और आदर्श विद्या मंदिर द्वार बालको की शिक्षा एवं संस्कारों को आगे बढ़ाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

राज्य मंत्री देवासी सोमवार को जालोर जिले के राजकीय निष्क्रमणीय पशुपालक आवासीय विद्यालय हरियाली में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, सड़क सहित मूलभूत सुविधाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के लिए कृत संकल्पित है। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राज्य मंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व संस्कारों से बालक देश का जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज एवं राष्ट्रहित में सदैव तत्पर रहता है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकरी, विद्यालय के प्रधानाचार्य, स्टाफ सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।




# जांच उपकरणों के बेहतर रिपेयर एवं मेंटीनेंस के लिए बेस्ट प्रेक्टिसेज को अपनाया जाएगा : नेहा गिरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने कहा कि प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के तहत रोगियों की जांचें सुचारू रूप से हों। इसके लिए सुनिश्चित किया जाए कि जांच मशीनों का नियमित रिपेयर एवं मेंटीनेंस हो ताकि मशीनें अचानक ब्रेकडाउन नहीं हों। उन्होंने कहा कि मेंटीनेंस की बेहतरीन व्यवस्था के लिए देशभर में उपयोग की जा रही बेस्ट प्रेक्टिसेज को प्रदेश में भी अपनाया जाएगा।

श्रीमती गिरि सोमवार को आरएमएससीएल बोर्ड रूम में जांच मशीनों के खराब होने एवं इनके ठीक होने में लगने वाले समय को लेकर समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जांच मशीनों का शत-प्रतिशत रिपेयर एवं मेंटीनेंस ई-उपकरण सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाए। इससे मेंटीनेंस में लगने वाले समय की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी और चिकित्सा संस्थानों में जांच व्यवस्था बेहतर हो सकेगी। हमारा प्रयास हो कि जांच उपकरणों की मेंटीनेंस में लगने वाला समय न्यूनतम स्तर पर आए।

प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिए कि जांच उपकरणों को श्रेणीवार विभाजित कर उसके मेंटीनेंस की समय सीमा निर्धारित की जाए। आपातकालीन एवं अति आवश्यक प्रकृति के उपकरणों के मेंटीनेंस को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इसमें किसी भी तरह की देरी नहीं हो। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में जांच उपकरणों के उपयोग एवं सामान्य रख-रखाव को लेकर आवश्यक गाइड लाइन उपलब्ध करवाएं और इसे उपयुक्त स्थान पर चस्पा भी करें, ताकि सामान्य रख-रखाव के अभाव में उपकरण खराब नहीं हों। उन्होंने उपकरणों को स्थापित करते समय आवश्यक परिचालन संबंधी दिशा निर्देश के मॉनिटर करने पर बल दिया।

श्रीमती गिरि ने निर्देश दिए कि जो उपकरण बार-बार खराब हो रहे हैं, उनके खराब होने के कारण चिन्हित करें। साथ ही ऐसे उपकरण जो उपयोग योग्य नहीं हैं, उन्हें नाकारा घोषित करने की कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने सर्विस प्रदाता कम्पनियों के साथ बेहतर तालमेल कर उपकरणों के मेंटीनेंस में लगने वाले समय को कम करने पर जोर दिया।

# कानपुर में अडाणी समूह के मिसाइल, गोला-बारूद निर्माण परिसर का अनावरण



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कानपुर/भाषा।** अडाणी समूह ने रक्षा विनिर्माण में अपनी उपस्थिति मजबूत करते हुए सोमवार को गोला-बारूद और मिसाइलों के निर्माण के दो बड़े संयंत्र खोलने की घोषणा की जो दक्षिण एशिया में सबसे बड़ा रक्षा निर्माण परिसर है। अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने 500 एकड़ में फैले इन कारखानों के विकास पर 3,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। यहां पर गोला-बारूद का निर्माण किया जाएगा।

अडाणी समूह की यह कंपनी मानव रहित खंड, काउंटर ड्रोन, खुफिया, निगरानी और टोही प्रौद्योगिकी एवं साइबर रक्षा क्षेत्र में क्षमता विकास पर केंद्रित है। कंपनी ने बयान में कहा, भारत में निजी क्षेत्र में अपनी तरह के पहले अत्याधुनिक संयंत्रों से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और प्रौद्योगिकी प्रगति को प्रोत्साहन मिलेगा। इन रक्षा निर्माण इकाइयों का अनावरण बालाकोट हवाई हमले की पांचवीं वर्षगांठ पर किया गया। अडाणी समूह की इन रक्षा उत्पादन इकाइयों का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और मध्य कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने किया। बयान के मुताबिक, यह रक्षा निर्माण परिसर सबसे बड़े एकीकृत गोला-बारूद विनिर्माण परिसरों में से एक बनने की राह पर है। यह सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और पुलिस के लिए उच्च गुणवत्ता वाले छोटे, मध्यम और बड़े कैलिबर वाले गोला-बारूद का उत्पादन करेगा।

कंपनी ने बयान में कहा कि यहां पर छोटे कैलिबर के गोला-बारूद का उत्पादन शुरू हो चुका है। देश की कुल गोला-बारूद में छोटे कैलिबर वाले गोला-बारूद की हिस्सेदारी 25% है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब इन इकाइयों में उत्पादित गोला-बारूद और मिसाइल देश को सुरक्षित रखने में मदद करेंगी तो वह गौरव का पल होगा। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मिसाइलों और गोला-बारूद में आत्मनिर्भरता की जरूरत पर बल देते हुए कहा, इतने बड़े निवेश और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को स्वदेशी बनाने के लिए अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की इच्छा ने उपयोगकर्ताओं में रणनीतिक सैन्य आपूर्ति के लिए भारतीय निजी उद्योग पर निर्भर रहने का विश्वास जगाया है। यह परिसर रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर है। इस मौके पर कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष राजवंशी ने कहा, इन परिसरों की स्थापना आत्मनिर्भरता की हमारी खोज में एक छलांग को दर्शाती है। यह 4,000 से अधिक नौकरियां पैदा करेगा जिसका एमएसएमई पर पांच गुना अधिक प्रभाव पड़ेगा और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी इससे परोक्ष लाभ होगा।

## चुनावी बॉण्ड रद्द करने से अधिक पारदर्शिता आएगी : अमर्त्य सेन



**कोलकाता/भाषा।** प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने चुनावी बॉण्ड योजना को घोटाला करार दिया और इसे रद्द करने के उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले का सोमवार को स्वागत किया। सेन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स से 'पीटीआई-भाषा' से बात की और कहा कि इस कदम से चुनाव के संदर्भ में लोगों के बीच अधिक पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा, चुनावी बॉण्ड एक घोटाला था और मुझे खुशी है कि अब उसे रद्द कर दिया गया है। मुझे उम्मीद है कि लोग चुनाव के संदर्भ में एक-दूसरे को जो समर्थन देते हैं, उसमें अधिक पारदर्शिता आएगी।

उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में अभिव्यक्ति और बोलने की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार तथा सूचना के अधिकार का उल्लंघन बताते हुए राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को निरस्त कर दिया था। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था। लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान 'भारतीय स्टेट बैंक' को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया।




## नड्डा ने लोकसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आगामी लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र के लिए लोगों से सुझाव मांगने की खातिर सोमवार को पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की और साथ ही 'विकसित भारत-मोदी की गारंटी' रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नड्डा ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा, देश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से हम लगभग 250 स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करेंगे और उनके सुझावों का भी हम अपने घोषणापत्र में समावेश करेंगे।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इसके साथ ही पार्टी की ओर से एक विशेष 'मिस्ड कॉल' नंबर जारी किया जाएगा और इसके जरिए भी लोगों से सुझाव मंगवाए जाएंगे।

वीडियो वैन को 'विकसित भारत-मोदी की गारंटी' रथ का नाम दिया गया है। इसमें भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है।

नड्डा ने कहा, ये वीडियो वैन सारे देश में जाएंगी और लगभग एक करोड़ से ज्यादा सुझाव पत्र हमारे पास 15 मार्च तक पहुंचेंगे और उनका समावेश करके हमारा संकल्प पत्र बनेगा। जो 2024 में विकास के लिए एक लंबी छलांग लगाने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगने का कार्य 15 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा।

## संदेशखालि में तृणमूल के स्थानीय नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की गई

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के अशांत क्षेत्र संदेशखालि में सोमवार को एक बार फिर प्रदर्शन हुआ और लोगों के एक समूह ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की। इन नेताओं पर क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रताड़ित करने का आरोप है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लाठी-डंडों से लैस स्थानीय लोगों ने टीएमसी के पंचायत नेता शंकर सरदार के खिलाफ अपनी नाराजगी जताते हुए संदेशखालि के बरमाजुर इलाके में कुछ घरों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भूमि हड़पने का आरोपी शंकर घर में मौजूद नहीं था और ग्रामीणों ने घर में मौजूद परिवार के सदस्यों के साथ मार-पीट की। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया, इसीलिए हम अपनी जमीन वापस लेने के लिए सब कुछ कर रहे हैं। शंकर के परिवार ने हालांकि लोगों द्वारा लगाए गए आरोपों से इनकार किया है। पुलिस बाद में वहां पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की। इससे पहले, टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल ने लगातार दूसरे दिन रविवार को संदेशखालि का दौरा किया और ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं, जो सत्तारूढ़ दल के स्थानीय नेताओं के कथित अत्याचारों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर सुंदरबन की सीमा पर स्थित संदेशखालि क्षेत्र के लोग एक महीने से अधिक समय से टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। शेख फरार है।

## 'संदेशखालि में जो हुआ वह भारतीय ही नहीं किसी भी मनुष्य की कल्पना से परे है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में जो हुआ वह भारतीय ही नहीं किसी भी मनुष्य की कल्पना से परे है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न पर कांग्रेस की चुप्पी पर भी सवाल उठाया।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने परोक्ष रूप से पार्टी नेता राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग भी संदेशखालि जाकर पीड़ितों से बात करना चाहते हैं लेकिन अब भी राजनीति के भूल-भुलैया में उलझे 'शहजादे' ने इस मामले में एक शब्द भी नहीं कहा है। न्यूज9 वैश्विक सम्मेलन में 'नारी शक्ति: ड्राइविंग मिशन विकसित भारत' पर चर्चा के दौरान ईरानी ने कहा, क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि जिन महिलाओं ने वर्षों तक ममता बनर्जी का समर्थन किया, उन्हें अब उनके घरों से अगवा किया जा रहा है और बलात्कार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, वहां जो हुआ वह भारतीय तो क्या किसी भी मनुष्य की सोच के परे है।

ईरानी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद जब पश्चिम बंगाल में हिंसा भड़की तब उन्होंने कहा था कि शायद मीडिया में यह भावना है कि अगर कोई भाजपा का सदस्य है तो उसे मौत के घाट आसानी से उतारा जा सकता है। उन्होंने कहा, अगर भाजपा की महिला कार्यकर्ता है तो उसे घर से उठाकर उसका सामूहिक बलात्कार किया जा सकता है। भाजपा का युवा मोर्चा का कोई कार्यकर्ता है तो उसे पेड़ से टांगकर मारा जा सकता है। लेकिन संदेशखालि में वो है जो भाजपाई नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे (पीड़ित) पहली बार हमारे पास आईं अब वे खुद के लिए सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा, स्तब्ध करने वाली बात यह है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की भी हत्या हुई है। कांग्रेस के लोग भी वहां जाकर बात करना चाहते हैं। लेकिन वो शहजादे, जो अभी भी राजनीति की भूल भुलैया में खुद को खोज रहे हैं उनके पास इस विषय के लिए एक शब्द नहीं है।

## अगर अदालत आदेश देगी, तो ईडी के समक्ष पेश होउंगा : केजरीवाल



**नई दिल्ली/भाषा।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल ने कहा कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तो वह ईडी के समक्ष पेश होंगे।

यह सातवीं बार है, जब केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री को सातवां समन जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश होने को कहा था। आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेताओं के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के एक साल पूरा होने पर सोमवार को राजघाट पहुंचे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ये समन उन्हें विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' छोड़ने के लिए दबाव डालने का एक ''औजार'' है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के घटकों दलों से नाता नहीं तोड़ेगी। समन पर केजरीवाल के पेश नहीं होने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शहर की एक अदालत का रुख किया, जिस पर अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को 16 मार्च को उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। आप संयोजक ने सवाल उठाया कि क्या केंद्र सरकार और ईडी को अदालत पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी ने खुद इस मामले में अदालत का रुख किया है और उन्हें अब अदालत के आदेश का इंतजार करना चाहिए।



## अगर पुरानी पेंशन योजना बहाल की गई तो असम की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल हो जाएगी : हिमंत

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि अगर राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू की तो राज्य की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल हो जाएगी। शर्मा ने विधानसभा में कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत 30-35 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को लाभ होगा। हालांकि विपक्षी दलों के सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई और सदन से बहिर्गमन किया।

निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए शर्मा ने कहा कि 'फिनअसम' पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, छठी अनुसूची क्षेत्रों को छोड़कर, राज्य सरकार के तहत 4,34,454 पेंशनभोगी हैं।

उन्होंने कहा, इनमें से 2,58,456 एनपीएस और 1,75,998 ओपीएस के तहत आते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 7,006 सेवानिवृत्त कर्मी फिलहाल एनपीएस के तहत पेंशन ले रहे हैं, जो 2005 से राज्य में लागू है। उन्होंने कहा कि असम सरकार प्रतिमाह 1,700 करोड़ रुपए की पेंशन प्रदान कर रही है।

शर्मा ने कहा, अगर हम मान लें कि वर्तमान वेतन बिल 2,800-3,000 करोड़ रुपए प्रति माह है और पेंशन बिल 1,700 करोड़ रुपए है, तो ओपीएस के तहत, हमारा पेंशन बिल पांच वर्षों में वेतन बिल से अधिक हो जाएगा। और, तब हमारी अर्थव्यवस्था खस्ताहाल जाएगी।

## खरगे का राष्ट्रपति को पत्र: 'सेना में चयनित' दो लाख युवाओं के साथ अन्याय हुआ, न्याय किया जाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वह उन करीब दो लाख नौजवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करें, जिन्हें सेना की नियमित भर्ती में चयन होने के बावजूद सेवा में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर ''अग्निपथ'' योजना लाई गई, जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है।

खरगे ने पत्र में कहा, मैं आपको भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च अधिकारी के रूप में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर लिख रहा हूं। यह मुद्दा लगभग दो लाख युवाओं के भविष्य को लेकर है, जिनका भविष्य भारत सरकार के फैसलों के कारण अंधकारमय हो गया है। उन्होंने कहा, भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा के लिए चयनित युवाओं से मैं हाल ही में मिला था। इन युवाओं को बेहद असंवेदनशीलता के साथ देशसेवा के अवसर से वंचित किया गया है। 2019 से 2022 के बीच लगभग दो लाख युवक और युवतियों को सूचित किया गया कि उन्हें तीन सशस्त्र सेवाओं : थलसेना, नौसेना और वायु सेना के लिए चयनित किया गया है। इन युवक-युवतियों ने सेना में चयन हेतु मानसिक, शारीरिक और लिखित परीक्षा पास करने के लिए तमाम बाधाओं व कठिनाइयों के बावजूद संघर्ष किया था।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 31 मई, 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और बस अपने ज्वाइनिंग लेटर का इंतज़ार कर रहे हैं। दुर्भाग्य से उस दिन भारत सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय ने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया। उन्होंने दावा किया कि 'अग्निपथ' योजना के विषय पर पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने लिखा है कि 'अग्निवीर भर्ती योजना' से सेना ''आश्चर्यचकित रह गई और नौसेना और वायुसेना के लिए यह अचानक से एक झटके की तरह आया।

खरगे ने कहा, इस योजना द्वारा सैनिकों के समानांतर एक कैडर बनाकर जवानों के बीच भेदभाव पनपेगा।

## पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर में 49 वर्षीय तृणमूल कांग्रेस नेता (टीएमसी) की जमीन विवाद को लेकर लोगों के एक समूह ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि टीएमसी नेता की पहचान बिजन दास के रूप में की गई है। बिजन दास पर यह हमला तब हुआ जब वह पार्टी के एक सहयोगी के घर गए थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुमा एक पंचायत के उप मुखिया दास को नजदीक से दो बार गोली मारी गई, एक गोली उनके सिर में लगी और दूसरी उनके बाएं कान को पार कर गई। पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, उन्हें बारासात मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आरोपी फरार है और हम मामले की जांच कर रहे हैं।

बारासात की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा, बिजन की मृत्यु पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति है, उन्होंने छात्र राजनीति से अपना राजनीतिक करियर शुरू किया और तब से पार्टी के साथ थे, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार में दिल्ली जल बोर्ड बना भ्रष्टाचार का अड्डा : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है और बढ़े हुए बिल प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त निपटान के लिए उसका समर्थन कुछ और नहीं बल्कि 'एक बार का सुपर घोटाला' योजना है।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दावा किया कि यह घोटाला करीब 70,000 करोड़ रुपए का हो सकता है और अगर केजरीवाल उपभोक्ताओं के बढ़े हुए बिल माफ करने को लेकर गंभीर हैं तो वह उन सभी लोगों के लिए ऐसा कर सकते हैं जिन्हें बिल मिले हैं। उन्होंने कहा यह प्रस्ताव लोकसभा चुनाव से ठीक पहले लाया गया है ताकि और कमीशन लिया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने वर्षों से एक चुनिंदा समूह को रिश्वत और कमीशन के बदले वास्तविक लागत से कई गुना अधिक कीमत पर ठेके दिए हैं। उन्होंने कहा, डीजेबी सभी तरह के अवैध कार्यों और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है।

## झारखंड के सिंहभूम से कांग्रेस सांसद भाजपा में शामिल

**रांची/भाषा।** झारखंड के सिंहभूम (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा सोमवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। कोड़ा भाजपा मुख्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, मैं आज भाजपा में शामिल हो गई। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करके देश को संकट में डाल दिया है। पार्टी कहती है कि वह सभी को साथ लेकर चलेगी, लेकिन वह केवल अपने परिवार को साथ लेकर चलती है। भाजपा-आजसू (अखिल झारखंड छात्र संघ) गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 संसदीय सीट में से 12 पर जीत हासिल की थी।

# जिन लोगों को भूख है, हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे : रोहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कड़ी मेहनत किए बिना राष्ट्रीय टेस्ट टीम में जगह बनाने का सपना देख रहे दावेदारों को सख्त संदेश देते हुए सोमवार को कहा कि मौका केवल उन्हीं को दिया जाएगा तो 'सबसे कड़े' प्रारूप में 'सफलता की भूख' दिखाएंगे।

भारत ने सोमवार को यहां चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर घरेलू सरजमीं पर लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीती। सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप जैसे उभरते हुए खिलाड़ियों ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई जिससे रोहित काफी खुश दिखे और इस बात को लेकर भी काफी स्पष्ट हैं कि वह टीम में किस तरह की प्रतिभा चाहते हैं।

रोहित ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, जिन लोगों को भूख है हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे। अगर भूख नहीं है तो उनको खिलाने का कोई मतलब नहीं है। रोहित की यह प्रतिक्रिया भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उस आदेश के ठीक बाद आई जिसमें इशान किशन और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी मुकाबलों में खेलने के लिए कहा गया था लेकिन इन दोनों ने इसे नजरअंदाज कर दिया था। भारतीय कप्तान ने कहा, मैंने यहां टीम में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जो भूखा नहीं हो। सभी लड़के जो यहां हैं और जो नहीं हैं, वे सभी खेलना चाहते हैं। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में आपको बहुत कम मौके मिलते हैं। अगर आप उनका फायदा नहीं उठाते तो वे चले जाते हैं। पच्चीस वर्षीय इशान अपने राज्य झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी में नहीं खेले लेकिन अगले महीने होने वाले आईपीएल के लिए उन्हें मुंबई इंडियंस के अपने कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग करते हुए देखा गया।

## हमारी युवा टीम की शानदार जीत, कोहली ने भारत के टेस्ट श्रृंखला जीतने पर कहा



**नई दिल्ली/भाषा।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भारत की जीत को शानदार बताते हुए 'युवा ' टीम के धैर्य, दृढता और लचीलेपन की तारीफ की। भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर श्रृंखला में 3 . 1 की विजयी बढत बना ली। टेस्ट श्रृंखला से निजी कारणों से बाहर होने के बाद क्रिकेट पर अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, यस (तिरंगा )। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढ़ता और लचीलापन दिखाया। कोहली और अनुष्का शर्मा के घर 15 फरवरी को बेटे ने जन्म लिया। सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, भारत ने एक बार फिर दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है। उन्होंने लिखा, आकाश दीप ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार पहला स्पैल डाला। ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में गेंद की लैंग्थ को बखूबी भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। पहली पारी में कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी।

## दक्षिण अफ्रीका में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने हमें मजबूत बनाया : हरमनप्रीत सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**राउरकेला/भाषा।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरे में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने उन्हें मजबूत बनाया। भारत ने चार देशों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था जहां मेजबान टीम के खिलाफ उसने जीत दर्ज की। फ्रांस के खिलाफ टीम को एक जीत मिली और एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि नीदरलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा।

रविवार को भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हरा दिया था। भारत फिलहाल अंक तालिका में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने रविवार की जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि हम दक्षिण अफ्रीका दौरे से मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा होकर वापस आए हैं। हमने वहां टीम से जुड़ी कई गतिविधियों में हिस्सा लिया जिससे हम एक मजबूत इकाई बन गए। मुझे लगता है कि हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और दुनिया की शीर्ष टीमों की चुनौती का सामना किया। प्रो लीग के घरेलू चरण में भारत ने भुवनेश्वर में स्पेन पर 4-1 की जीत के साथ शुरुआत की। इसके बाद नीदरलैंड को शूट आउट में 4-2 से हराया। भारत हालांकि ऑस्ट्रेलिया से 4-6 से हार गया लेकिन राउरकेला आने से पहले उन्होंने आयरलैंड को 1-0 से हराया।

### सुविचार

जब भी तुम्हारा हौसला आसमान तक जाएगा, याद रखना कोई ना कोई पंख काटने जरूर आएगा।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'बदलाव' के नायक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' की 110वीं कड़ी में जिन लोगों को अपने अनुभव साझा करने के लिए मंच दिया, वे असल में सकारात्मक बदलाव के ऐसे नायक हैं, जो प्रचार-प्रसार की चकाचौंध से कोसों दूर रहकर अपना काम कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सीतापुर की 'ड्रोन दीदी' सुनीता देवी की कहानी तो बहुत प्रेरणादायक है। वे किसान परिवार से आती हैं, फूलपुर और इलाहाबाद में ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण लिया। इससे पहले उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र में एक बार ड्रोन देखा था। आज वे बहुत कुशलता से ड्रोन उड़ा रही हैं। इससे उनके खेती के कामों में आसानी हो गई है। सुनीता देवी का अनुभव ग्रामीण क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए ड्रोन प्रशिक्षण के दरवाजे खोलेगा। अभी गांवों में लोगों के पास ड्रोन के विभिन्न उपयोगों के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। शादियों में ड्रोन वीडियो रिकॉर्ड करते और तस्वीरें खींचते तो दिख जाते हैं। ये यंत्र खेती-किसानी के कामों में बहुत कमाल कर सकते हैं। किसानों के लिए उस समय बहुत कठिनाई होती है, जब फसल बढ़ रही हो और बरसात का मौसम हो। उस दौरान सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीव भी फसल में पनाह लिए मिल जाते हैं। ऐसे मौसम में, खासकर रात के समय किसी जरूरी काम से फसल में आना-जाना बड़ा मुश्किल होता है। हर साल कई किसान सर्पदंश और अन्य दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। अब ड्रोन उनका भरोसेमंद साथी बनकर न केवल कई काम चुटकियों में कर देगा, बल्कि दुर्घटनाओं से भी बचाएगा। सुनीता देवी अब तक 35 एकड़ फसल पर स्प्रे कर चुकी हैं। इसके लिए उन्होंने बस एक जगह से ड्रोन को नियंत्रित किया। अगर यही काम परंपरागत ढंग से किया जाता तो उसमें ज्यादा समय और ज्यादा परिश्रम लगता। साथ ही, जोखिम भी ज्यादा होता।

बिहार में भोजपुर के भीम सिंह भवेश भी प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं। यहां अत्यंत वंचित मुसहर समुदाय के बच्चों की शिक्षा के लिए भीम सिंह के प्रयास उल्लेखनीय हैं। उन्होंने इस समुदाय के करीब आठ हज़ार बच्चों का स्कूल में नाम लिखवाया। यही नहीं, एक बड़ा पुस्तकालय भी बनवा दिया। पहले इस समुदाय के लोगों को जरूरी दस्तावेज बनवाने और फॉर्म आदि भरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। भीम सिंह ने उनकी मदद करते हुए काम आसान कर दिया। इससे संसाधनों तक ग्रामीणों की पहुंच आसान हो गई है। लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से मिलें, इसके लिए 100 से ज्यादा शिविर लगवाए गए। भीम सिंह ने लोगों को कोरोनारोधी वैक्सीन लगवाने के लिए बहुत प्रोत्साहित किया था। अगर अन्य गांवों में भी लोग 'भीम सिंह' बन जाएं, उनकी तरह हिम्मत और समर्पण दिखाएं तो ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल सकती है। जम्मू-कश्मीर में गांदरबल के मोहम्मद मानशाह ने गोजरी भाषा को संरक्षित करने के लिए तीन दशक लगा दिए। अपनी पढ़ाई-लिखाई के दिनों में रोजाना 20 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर चुके मानशाह का अपनी भाषा को संरक्षित करने का दृढ़ संकल्प काबिले-तारीफ है। उन्होंने कई किताबों का गोजरी भाषा में अनुवाद किया है। अरुणाचल प्रदेश में तिरप के शिक्षक बनवंग लोसू 'वांचो भाषा' को बचाने में जुटे हैं। अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और असम के कुछ हिस्सों में बोली जाने वाली वांचो भाषा को लुप्त होने से बचाने के लिए बनवंग लोसू ने एक लिपि भी तैयार कर दी। उन्होंने एक भाषा विद्यालय बनवाया। वे नई पीढ़ी के बच्चों को अपनी भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। जिस भाषा के पास मोहम्मद मानशाह और बनवंग लोसू जैसे विद्वान होंगे, उसका भविष्य निस्संदेह उज्ज्वल होगा।

## ट्वीटर टॉक



विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व मित्र भारत के सपने जो 2014 में अकल्पनीय थे, आज वो मोदी जी के नेतृत्व में साकार हो रहे हैं और अब भारत इस अमृतलाल में विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है।

**–जेपी नड्डा**



बीते 10 वर्षों में हम सभी ने एक नया भारत बनते देखा है और रेलवे में परिवर्तन तो साक्षात हम अपनी आंखों से देख रहे हैं। जो कभी कल्पना में सोचते थे, आज हम अपनी आंखों से देख रहे हैं। एक दशक पहले तक अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेन की कल्पना बहुत मुश्किल थी।

**–नरेन्द्र मोदी**



एक तरफ केंद्र सरकार कहती है कि हम डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बने हैं, एक्सपोर्ट से पैसा कमा रहे हैं। ऐसे में सबसे जरूरी यह है कि हमारे शूरवीर जवानों के जीवन, पेंशन एवं उनके परिवारजनों के बेहतर भविष्य के लिए काम होना चाहिए।

**–सचिन पायलट**

### प्रेरक प्रसंग

## मानस तीर्थ सर्वोपरि

महामुनि अगस्त्य श्रीशैल पर्वत पर अपनी पत्नी लोपामुद्रा से धर्मचर्चा कर रहे थे। लोपामुद्रा ने प्रश्न किया, 'पतिदेव, जो साधनहीन व्यक्ति, वृद्ध और अपाहिज तीर्थ न कर पाएं, उन्हें इस कर्तव्य का पालन कैसे करना चाहिए?' महर्षि अगस्त्य ने बताया, 'तीर्थ भ्रमण में मानसी तीर्थों की महिमा सर्वोपरि है। साधनहीन व्यक्ति घर बैठे ही सदाचार का पालन कर तीर्थयात्रा का पुण्य प्राप्त कर सकता है।' उन्होंने कहा, 'सत्य और क्षमा तीर्थ हैं। इंद्रियों को वश में रखना भी तीर्थ का पुण्य देता है। जो व्यक्ति दयावान होता है और जिसका अंतःकरण शुद्ध-सात्विक होता है, वह घर बैठे ही तीर्थों का पुण्य प्राप्त करने का अधिकारी होता है।' महर्षि ने कहा, 'यदि मन का भाव शुद्ध न हो, तो दान, यज्ञ, तप, शास्त्रों का श्रवण, स्वाध्याय-सभी व्यर्थ हो जाते हैं। ज्ञान रूपी जल से स्नान करके अनेक पवित्र नदियों के स्नान का पुण्य प्राप्त होता है। ज्ञान रूपी चल राग-द्वेषमय मल को दूर करने की अनूठी क्षमता रखता है। असंयमी, अश्रद्धालु व संशयात्मा कितने ही तीर्थों की खाक छान ले, उसे पुण्य कदापि नहीं मिलता।

### सामयिक

# परीक्षाओं को न बनाएं हौव्वा

योगेश कुमार गोयल
मोबाइल : 9034304041.



**मन लगाकर परीक्षाओं की तैयारी करने के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि हर समय किताबों से चिपके रहने के बजाय कुछ समय खेलकूद अथवा मनोरंजन इत्यादि क्रियाकलापों के लिए भी निकालें लगातार पढ़ाई करते रहने से मस्तिष्क पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे मानसिक थकान होने के साथ-साथ एकाग्रता भी भंग होती है।**

छात्रों की 10वीं तथा 12वीं कक्षा की बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं यही वह समय होता है, जब छात्रों की सालभर की पढ़ाई का मूल्यांकन होना होता है, इसी परीक्षा की बदौलत उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए आधार मिलता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि एकाग्रचित्त होकर इन परीक्षाओं की तैयारी की जाए कुछ छात्र परीक्षा की तैयारी के लिए अपना कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं कर पाते और लक्ष्य निर्धारित नहीं होने के कारण एकाग्रचित्त होकर परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते। ऐसे में परीक्षा को लेकर उनका चिंतित और तनावग्रस्त होना स्वाभाविक ही है किन्तु परीक्षा के दिनों में जरूरत से ज्यादा तनावग्रस्त रहना निश्चित रूप से हानिकारक साबित होता है। तनावग्रस्त रहने के कारण लाख कोशिशों के बाद भी पढ़ाई में उनका मन नहीं लग पाता। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि वे शुरू से ही पढ़ाई के प्रति रूचि बनाए रखें, अपना लक्ष्य निर्धारित करें ताकि ऐसी परिस्थितियां ही उत्पन्न न होने पाएं, जिनके कारण परीक्षा को हौव्वा मानकर उन्हें तनावग्रस्त रहना पड़े।

कुछ छात्र वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में रात-दिन इस कदर जुट जाते हैं कि उन्हें अपने खाने-पीने की भी सुध नहीं रहती। कुछ मामलों में तो स्थिति यह हो जाती है कि खानपान के मामले में निरंतर लापरवाही बरतने के कारण छात्रों का स्वास्थ्य गिरता जाता है, जिसका सीधा-सीधा प्रभाव उनकी स्मरण शक्ति पर पड़ता है और नतीजा, परीक्षा की भरपूर तैयारी के बावजूद उन्हें आशातीत सफलता नहीं मिल पाती। विशाल के साथ भी पिछले साल 12वीं की परीक्षा में यही हुआ वह अपनी कक्षा का होनहार छात्र था और जी-जान से परीक्षा की तैयारी में जुटा था। पढ़ाई में वह इस कदर मग्न था कि उसे अपने खाने-पीने का भी ध्यान न रहता। परिणामस्वरूप उसका स्वास्थ्य गिरता गया और परीक्षा के दिनों में वह बीमार पड़ गया। बीमारी की हालत में ही उसे परीक्षा देनी पड़ी। जब वह परीक्षा देने बैठा, तब शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता की दशा में वह याद किए गए प्रश्नों के उत्तर भी भूल गया। इसका परिणाम यह रहा कि वह कामचलाऊ अंकों से ही परीक्षा उत्तीर्ण कर सका।

कहने का तात्पर्य यही है कि परीक्षा के दिनों में खूब मन लगाकर पढ़ाई करना और कड़ी मेहनत करना तो जरूरी है ही लेकिन पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है क्योंकि यदि आपका शरीर ही स्वस्थ नहीं होगा तो आप परीक्षा की तैयारी बेहतर ढ़ंग से मन लगाकर कैसे कर पाएंगे? परीक्षा में सफलता-असफलता को लेकर भी बहुत से छात्र परीक्षाओं के शुरू होने से पहले ही तनावग्रस्त हो जाते हैं और उनके मन में परीक्षा नजदीक आते ही बेचैनी सी छा जाती है। दरअसल कुछ छात्र ऐसे होते हैं, जो पूरे साल का समय तो मौजमस्ती में ही गुजार देते हैं और जब परीक्षाएं नजदीक आती हैं तो परीक्षाओं को हौव्वा मानकर घबराने लगते हैं समय सारिणी बनाकर नियमित अध्ययन न करना भी छात्रों के तनावग्रस्त होने का प्रमुख कारण होता है।

वैसे प्रायः वही छात्र परीक्षाओं को हौव्वा मानते हैं, जो सालभर तो मौजमस्ती करते घूमते फिरते हैं और परीक्षाओं के ऐन मौके पर उन्हें किताबों की सुध आती है। तब उन्हें समझ ही नहीं आता कि परीक्षा की तैयारी कैसे और कहां से शुरू की जाए इसी हड़बड़ी तथा तनाव के चलते अक्सर वे परीक्षा में पिछड़ जाते हैं यदि किसी छात्र ने सालभर नियमित रूप से मन लगाकर पढ़ाई की है तो कोई कारण नहीं, जो परीक्षा से उसे किसी प्रकार का भय सताए यदि आप समय सारणी बनाकर अध्ययन-मनन करें तो कठिन से कठिन हर विषय भी आपको आसानी से समझ में आ सकता है लेकिन समय सारिणी बनाते समय इसमें केवल अपने मनपसंद विषय को ही वरीयता न दें बल्कि सभी विषयों पर बराबर ध्यान देने का प्रयास करें बल्कि जिस विषय में आप स्वयं को कमजोर पाते हैं, उस पर कुछ ज्यादा ध्यान केन्द्रित करने का प्रयास करें जो भी कुछ पढ़ें या याद करें, उस पर पूरा ध्यान केन्द्रित करते हुए उसे दोहराते रहें ताकि वह लंबे समय तक याद रह सके। प्रत्येक विषय के संक्षिप्त नोट्स अवश्य बनाएं, जिससे परीक्षा की तैयारी में बहुत मदद मिलेगी। जो विषय अथवा प्रश्न समझ नहीं आ रहा हो, वह अपने शिक्षक अथवा मित्र से पूछने में संकोच न करें परीक्षा के दिनों में भी पर्याप्त नींद लें रात-रात भर जागकर पढ़ना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं जिस दिन आपको परीक्षा देनी है, उस रात भरपूर नींद लें वरना कहीं ऐसा न हो कि परीक्षा देते समय आपको आलस्य सताने लगे और आप चाहकर भी सही ढ़ंग से परीक्षा न दे पाएं अपनी लिखावट साफ-सुथरी और लिखने की गति तेज बनाएं ताकि प्रश्न पत्र हल करते समय आपको समय की कमी का रोना न रोना पड़े।

घर का वातावरण तथा अभिभावकों की सजगता भी वार्षिक परीक्षाओं में छात्रों की सफलता-असफलता का निर्धारण करने में अहम भूमिका निभाती है। परीक्षा की तैयारी के दिनों में छात्र को सर्वाधिक जरूरत होती है अपने अभिभावकों के मोरल सपोर्ट की। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को उचित मार्गदर्शन, सकारात्मक सहयोग और अपेक्षित समय देते हुए प्रोत्साहन भरे दृष्टिकोण से उनका मनोबल बढ़ाएं वार्षिक परीक्षाओं के दिनों में छात्र तैयारी में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि बहुत बार अपने खानपान के प्रति भी लापरवाह हो जाते हैं ऐसे में जरूरी है कि अभिभावक उनके खानपान का पूरा ध्यान रखें क्योंकि उनका स्वास्थ्य ही ठीक नहीं रहेगा तो वे परीक्षा की तैयारी भी सही ढ़ंग से नहीं कर पाएंगे। परीक्षा के खौफ से मुक्त रहने के लिए मन लगाकर परीक्षा की तैयारी करना बहुत जरूरी है। हालांकि मन लगाकर परीक्षाओं की तैयारी करने के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि हर समय किताबों से चिपके रहने के बजाय कुछ समय खेलकूद अथवा मनोरंजन इत्यादि क्रियाकलापों के लिए भी निकालें लगातार पढ़ाई करते रहने से मस्तिष्क पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे मानसिक थकान होने के साथ-साथ एकाग्रता भी भंग होती है। इसलिए कई-कई घंटों तक निरन्तर अध्ययन करने के बजाय बीच-बीच में 5-10 मिनट आराम करें और भले ही दिनभर में थोड़े समय के लिए ही सही, मनोरंजन, खेलकूद इत्यादि गतिविधियों में अवश्य हिस्सा लें मस्तिष्क की एकाग्रता बनाए रखने के लिए व्यायाम एवं योगाभ्यास करना भी जरूरी है।

### नजरिया

# 'हाथ' आई 'साइकिल' तो कांग्रेस से टिकट चाहने वालों के चेहरे खिले

अजय कुमार, लखनऊ

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का समाजवादी पार्टी से समझौता होने के बाद कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले नेताओं की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है जिन नेताओं को पंजे के सहारे जीत की उम्मीद नहीं थी, साइकिल का साथ मिलते ही उनके अरमान हिलोरे लेने लगे हैं। इसमें राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा गाँधी तक के नाम की चर्चा शामिल हैं। सपा से गठबंधन होते ही राहुल और प्रियंका दोनों के ही यूपी से चुनाव लड़ने की खबरें तेजी से वारयल होने लगी हैं। लेकिन ऐसे नेताओं को कहीं ना कहीं 2017 का अनुभव डरा भी रहा है। जब यूपी विधानसभा चुनाव में राहुल-अखिलेश एक साथ आए थे, लेकिन उनका कोई करिश्मा नहीं चला था। इससे बेहतर नतीजे तो 5 साल बाद अखिलेश ने 2022 के विधानसभा चुनाव में अकेले ही दिए थे। खैर, कांग्रेस में टिकट के दावेदारों की लिस्ट में पुराने कांग्रेसियों के ही नाम उभर कर आ रहे हैं। ऐसा इसलिये भी है क्योंकि पिछले कुछ वर्षो से कांग्रेस में न तो नई लीडरशिप उभरी है और ना ही पार्टी में नये नेता शामिल हुए हैं। फिर भी जातीय समीकरणों का भी ध्यान रखा जायेगा।

बहरहाल,समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन में कांग्रेस को अमेठी-रायबरेली सहित 17 सीटें मिली हैं, जबकि सपा और अन्य सहयोगी दल 63 सीटों पर अपनी किस्मत आजमाएंगे। कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों में सबसे बड़ा नाम राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा का है। कांग्रेस उन्हें अमेठी से दोबारा चुनावी मैदान में उतार सकती है। कांग्रेस के कुछ दिग्गज नेताओं के बयानों से भी इसी बात के संकेत मिल रहे हैं। रायबरेली लोकसभा सीट भी इस बार खाली हो गई है, यहां की मौजूदा सांसद सोनिया गांधी ने चुनाव न लड़ने का एलान पहले ही कर दिया है, अब वह राजस्थान से राज्यसभा का चुनाव जीत कर अपर हाऊस की मैंम्बर बन गई हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का अनुमान है कि प्रियंका गांधी को यहां से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। ऐसा करने से पार्टी न केवल अपनी पंरपरागत सीट बचाने में कामयाब हो सकती है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी कांग्रेस को लेकर एक सकारात्मक माहौल बनाने में मदद मिल सकती है। राहुल के अमेठी से चुनाव नहीं लड़ने की स्थिति में यहां से पार्टी पिछड़े वर्ग के युवा चेहरों को उतार सकती है। चर्चा यह भी है कि यहां से वरूण गांधी को भी टिकट दिया जा सकता है। वरूण इस समय भाजपा के सांसद हैं,लेकिन इस बार उनको टिकट मिलना मुश्किल लग रहा है। वहीं रायबरेली में प्रियंका के चुनाव नहीं लड़ने की स्थिति में इन दोनों सीटों पर कांग्रेस किसी दलित या ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा सकती है।



अमेठी और रायबरेली के बाद वाराणसी की सीट भी कांग्रेस के खाते में आई है। वाराणसी की सीट को लेकर कुछ समय पूर्व तृणमूल कांग्रेस की नेत्री और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गांधी परिवार पर तंज कस चुकी थीं। उन्होंने वाराणसी में मोदी को रोकने के लिए गांधी परिवार के किसी सदस्य से यहां चुनाव लड़ने को कहा था। यहां से प्रदेश कांग्रेस के दो बड़े नेता अजय राय और राजेश मिश्रा अपनी किस्मत आजमाते रहे हैं. राजेश मिश्रा को एक बार यहां से प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी मिल चुका है। बदली परिस्थितियों में अजय राय उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। उन्हें यहां से चुनाव मैदान में उतारकर पार्टी अपने चुनावी अभियान को मजबूती देने की कोशिश कर सकती है। अजय दो बार यहां से चुनाव लड़ चुके हैं। सपा ने यहां अपना प्रत्याशी पहले ही घोषित कर दिया था, जिसे अब वापस लिया जायेगा। अजय राय के अलावा राजेश मिश्रा भी वाराणसी सीट पर दावेदार ठोकर रहे हैं, लेकिन अजय राय के कारण उनकी संभावनाएं कमजोर हैं, जबकि राजेश मिश्रा ने सीटों के बंटवारे के बाद इशारों-इशारों में अजय राय पर करारा हमला किया है। ऐसे में उन्हें मैदान में उतारने से पार्टी परहेज कर सकती है। हालांकि, उनके बारे में एक चर्चा यह भी है कि वे चुनाव से पहले कांग्रेस का साथ छोड़ सपा के टिकट पर भदोही से किस्मत आजमा सकते हैं.चर्चा यह भी है कि कांग्रेस किसी बाहरी बड़े लोकप्रिय चेहरे को लाकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वाराणसी में टक्कर देने की कोशिश कर सकती है। इसके लिए पार्टी की विचारधारा से सहमत किसी बड़े स्टार के नाम की तलाश पर गहराई से विचार किया जा रहा है। कोई खिलाड़ी भी कांग्रेस उतार सकती है।

गठबंधन में कांग्रेस के खाते में आई अन्य सीटों की बात की जाये तो कांग्रेस गाजियाबाद से डॉली शर्मा को अपना उम्मीदवार बना सकती हैं. वे टीवी डिबेट में पार्टी की ओर से बहस करते हुए देखी जाती हैं। प्रियंका की करीबी डॉली शर्मा को पिछले चुनाव में भी अवसर मिला था, लेकिन वे जीत हासिल नहीं कर सकी थीं, लेकिन बदली परिस्थितियों में वे कांग्रेस की मजबूत उम्मीदवार साबित हो सकती हैं। बाराबंकी सीट कांग्रेस के दिग्गज दलित नेता और पूर्व नौकरशाह पीएल पूनिया की परम्परागत सीट मानी जाती है। 2009 में वे यहां से जीत भी दर्ज कर चुके हैं। पार्टी इस बार भी उन्हें मैदान में उतार सकती है, चर्चा है कि पीएल पूनिया अब अपने बेटे तनुज को यहां से टिकट दिलाने में जुटे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी करके सुर्खियें में आये इमरान मसूद आज की तारीख में कांग्रेस के बड़े ब्रांड हैं। पार्टी मुस्लिम-दलित बाहुल्य सहारनपुर से इमरान को मैदान में उतार सकती है। कानपुर से श्री प्रकाश जायसवाल अभी भी सबसे बड़े चेहरे साबित हो सकते हैं, लेकिन खराब स्वास्थ्य के चलते संभावना जताई जा रही है कि इस बार वे स्वयं चुनाव में न उतरें। ऐसे में उनके परिवार से कोई अन्य सदस्य अपनी किस्मत आजमा सकता है। कांग्रेस के एक अन्य नेता अजय कपूर एवं आलोक मिश्रा भी पार्टी के बड़े चेहरे के रूप में देखे जाते हैं। यदि सभी समीकरण ठीक रहे, तो कांग्रेस को यहां से जीत मिल सकती है।

बसपा के टिकट से 2019 में अमरोहा लोकसभा सीट से चुनाव जीते दानिश अली को मायावती पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा चुकी हैं। अब दानिश, राहुल गांधी के भरोसेमंद नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। चर्चा यह भी है कि कांग्रेस में शामिल होने से पहले ही दानिश ने राहुल से अपनी सीट पक्की करा ली थी। दानिश अली कांग्रेस के लिए एक अच्छे प्रत्याशी साबित हो सकते हैं। पार्टी अमरोहा से ही उन्हें मैदान में उतार सकती है। दानिश के चलते ही कांग्रेस ने अमरोहा सीट के लिये सपा पर दबाव बनाया था। फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस का उम्मीदवार कौन होगा, इस पर अभी स्थिति साफ नहीं है। चर्चा है कि राज बब्बर को एक बार फिर यहां से मैदान में उतारा जा सकता है। हालांकि, स्थानीय उम्मीदवार रामनाथ सिकरवार भी पार्टी के लिए वोट बटोरने का काम कर सकते हैं। पूर्व सैन्य कर्मी वाली उनकी छवि उन्हें अपने क्षेत्र में लोकप्रिय बनाती है। विधानसभा चुनाव में उन्हें सफलता भले ही नहीं मिली थी, लेकिन बडी.संख्या में वोट खींचकर उन्होंने अपनी क्षमता साबित कर दी थी। ऐसे में माना जा रहा है कि कांग्रेस सिकरवार पर दांव खेल सकती है.महाराजगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस अपनी तेज तर्रार प्रवक्ता सुप्रीया श्रीनेत को टिकट दे सकती है। सुप्रिया श्रीनेत भी अपने पूर्व सांसद पिता हर्षवर्धन सिंह की राजनीतिक विरासत संभाल रही हैं। उनकी तैयारियों को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि कांग्रेस उन्हे मैदान में उतार सकती है।

गांधी परिवार के लिये इलाहाबाद यानी प्रयागराज भी रायबेरली और अमेठी की तरह बेहद महत्वपूर्ण सीट है। यहां से नेहरू और इंदिरा की यादें जुड़ी हैं, आनंद भवन आज भी गांधी परिवार के यहां से जुड़ाव की कहानी कहता मिल जाता है। प्रयागराज सीट से बीजेपी के मुरली मनोहर जोशी जैसे दिग्गज चुनाव लड़ते रहे हैं। रीता बहुगुणा जोशी कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में यहां से अपनी किस्मत आजमाती रही हैं। कांग्रेस के लिए प्रयागराज से पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह अभी भी सबसे बड़े उम्मीदवार साबित हो सकते हैं। स्थानीय जनता पर सीधी पकड़ उनकी सबसे बड़ी ताकत है, जिसके बल पर वे अपनी राजनीति करते रहे हैं। हालांकि, प्रयागराज से प्रमोद तिवारी की बेटी आराधना मिश्रा मोना को भी संभावित उम्मीदवारों के रूप में देखा जा रहा है। वे अपने सांसद पिता प्रमोद तिवारी की राजनीतिक विरासत बहुत अच्छे से संभाल रही हैं.सकके अलावा संजय तिवारी का नाम भी प्रयागराज में संभावित उम्मीदवारों के रूप में देखा जा रहा है।

देवरिया में कांग्रेस के पास दो बड़े नेता मौजूद हैं। पार्टी के प्रभावी वक्ता अखिलेश प्रताप सिंह कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार हो सकते हैं। वे भी गांधी परिवार के भरोसेमंद नेताओं में गिने जाते हैं। जबकि, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू देवरिया से पार्टी के सबसे भरोसेमंद उम्मीदवार हो सकते हैं। इसी तरह से झांसी से पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य जैन, बांसगांव से कमल किशोर कमांडो उम्मीदवार हो सकते हैं। वहीं, पूर्व कांग्रेसी नेता महावीर प्रसाद की बेटी विमला को भी बांसगांव की संभावित दावेदार माना जा रहा है। बुलंदशहर से प्रशांत बाल्मीकी या अंबरीश गौतम को भाग्य आजमाने का मौका मिल सकता है. मथुरा की सीट पर कांग्रेस अपने पुराने भरोसेमंद नेता प्रदीप माथुर को मैदान में उतार सकती है। सीतापुर से कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शिव पांडेय,नकुल दुबे और बीते दिनों बीजेपी छोड़कर आये राकेश राठौर में से किसी एक को मौका मिल सकता है। नकुल दुबे पिछला चुनाव बसपा के टिकट से लड़े थे, बाद में कांग्रेस में शामिल हो गये।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

प्रदर्शन



गुवाहाटी में ऑल ताई अहोम स्टूडेंट्स यूनियन (एटीएएसयू) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को गुवाहाटी में ताई अहोम समुदाय के लिए एसटी दर्जे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

# डब्ल्यूटीओ बैठक में लंबे समय से लंबित खाद्य भंडारण मुद्दे का स्थायी समाधान चाहता है भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों से लंबे समय से लंबित सार्वजनिक खाद्य भंडारण मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सीधे तौर पर वर्ष 2030 तक 'शून्य भुखमरी' के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन को जलवायु परिवर्तन, लैंगिग और श्रम जैसे गैर-व्यापार-संबंधित विषयों के नियमों पर बातचीत नहीं करनी चाहिए, बल्कि इन्हें संबंधित अंतर-सरकारी संगठनों में हल किया जाना चाहिए।

गोयल ने कहा, मैं इस बात पर फिर से जोर देता हूं कि खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण (पीएसएच) पर स्थायी समाधान के बिना विकास एजेंडा अधूरा रहेगा, जो सीधे तौर पर 2030 तक शून्य भुखमरी के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित है। यह पिछले कुछ दशकों से लंबे समय से लंबित मुद्दा बना हुआ है और अतीत में सदस्यों द्वारा स्पष्ट जनादेश पर सहमति होने के बावजूद पीएसएच पर स्थायी समाधान ढूंढना एक अधूरा एजेंडा बना हुआ है जिस पर हमें एमसी13 में काम करना है। डब्ल्यूटीओ के 164 सदस्य देशों के व्यापार मंत्री 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी13) के लिए अबू धाबी में एकत्र हो रहे हैं। सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था ने 26 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात में चार दिन की बैठक शुरू की।

पीएसएच कार्यक्रम एक नीति माध्यम है जिसके तहत सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से चावल और गेहूं जैसी फसलें खरीदती है तथा खाद्यान्न का भंडारण और गरीबों को वितरण करती है। वैश्विक व्यापार मानदंडों के तहत, डब्ल्यूटीओ सदस्य देश का खाद्य सब्सिडी खर्च 1986-88 के संदर्भ मूल्य के आधार पर उत्पादन के मूल्य के 10 प्रतिशत तक की सीमा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। भारत खाद्य सब्सिडी सीमा की गणना के फॉर्मूले में संशोधन की मांग कर रहा है। एक अंतरिम उपाय के रूप में दिसंबर, 2013 में बाली मंत्रिस्तरीय बैठक में डब्ल्यूटीओ के सदस्य एक तंत्र स्थापित करने पर सहमत हुए थे जिसे लोकप्रिय रूप से शांति खंड कहा जाता है और स्थायी समाधान के लिए एक समझौते पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध थे। शांति खंड के तहत विश्व व्यापार संगठन के सदस्य डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान मंच पर विकासशील राष्ट्र द्वारा निर्धारित सीमा के किसी भी उल्लंघन को चुनौती देने से परहेज करने पर सहमत हुए। यह प्रावधान तबतक रहेगा जब तक खाद्य भंडारण की समस्या का स्थायी समाधान नहीं मिल जाता।

## 'भविष्य के लिए भारत से बेहतर वृद्धि संभावना किसी की नहीं'

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आर सी भार्गव ने सोमवार को कहा कि भविष्य की वृद्धि के लिहाज से पूरी दुनिया में भारत से बेहतर कोई देश नहीं है। भार्गव ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि देश को आगे बढ़ने के लिए विभिन्न निष्क्रिय कानूनों, नियमों एवं प्रथाओं के पुराने बोझ से छुटकारा पाने की जरूरत है। देश के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर भार्गव ने यहां कहा, मुझे आज दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं दिखता है जिसके भविष्य की वृद्धि संभावनाएं भारत से बेहतर हों। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश वृद्धि के एक निश्चित स्तर तक पहुंच गए हैं लेकिन उसके आगे वृद्धि कर पाना एक मुश्किल मामला है।

एमएसआई के प्रमुख ने कहा, चाहे वे बढ़ रहे हों या वे मंदी एवं अन्य चीजों में फंस रहे हों। वहां के लोगों ने अब काम करने की ललक खो दी है।

# अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए रामास्वामी, क्रिस्टी नोएम के बीच कांटे की टक्कर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



वाशिंगटन।। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में दक्षिण डेकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम और भारतीय मूल के जैव प्रौद्योगिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी के बीच कांटे की टक्कर है। 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' की खबर के अनुसार, 'कंजरवेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस' (सीपीएसी) में हुए एक मतदान में क्रिस्टी और रामास्वामी, दोनों को 15-15 प्रतिशत मत मिले। नतीजों की घोषणा शनिवार को संपन्न हुई इसकी चार दिवसीय बैठक के बाद की गई। रामास्वामी (38) का जन्म सिनसिनाटी में हुआ था। वह भारतीय प्रवासी दंपति की संतान हैं। रामास्वामी ने राष्ट्रपति पद के लिए इस साल रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी हासिल करने की कोशिश की थी लेकिन जनवरी में आयोवा में हुए मतदान में चौथे स्थान पर रहने के साथ वह इस दौड़ से बाहर हो गये थे। वहीं, 52 वर्षीय नोएम 2018 में दक्षिण डेकोटा की पहली महिला गवर्नर बनी थीं। ट्रंप ने उनका नाम समर्थन किया था। कोविड-19 महामारी के दौरान, टीकाकरण और मास्क पहनने के लिए राज्यव्यापी आदेश जारी करने से इनकार करने को लेकर वह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा के केंद्र में रही थीं। समाचार पत्र की खबर अनुसार, कई वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है कि रिपब्लिकन पार्टी को उपराष्ट्रपति पद के लिए किसे उम्मीदवार बनाना चाहिए, राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से अधिक बड़ा विषय बन गया है। खबर के अनुसार, ऐसा इसलिए भी है डोनाल्ड ट्रंप (77) ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की दौड़ में, उम्मीद के मुताबिक निक्की हेली को भारी मतों से हराया है।

इसमें कहा गया है कि पिछली बार, सीपीएसी में उपस्थित लोगों के बीच ट्रम्प व्हाइट हाउस के लिए शीर्ष पसंदीदा उम्मीदवार नहीं थे, जब 2016 में टेक्सास के सीनेटर टेड क्रूज पहले स्थान पर रहे थे। ट्रंप ने रविवार को रिपब्लिकन प्राइमरी में दक्षिण कैरोलिना में अपनी भारतीय-अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी हेली पर शानदार जीत दर्ज की।

# इमरान खान की पार्टी ने गौहर खान को पार्टी का अध्यक्ष दोबारा नामित किया : रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने बैरिस्टर गौहर खान को एक बार फिर पार्टी का अध्यक्ष नामित किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी ने शीर्ष पद के लिए बैरिस्टर अली जफर को नामित करने के अपने पहले को पलटते हुए एक बार फिर गौहर खान को अपना अध्यक्ष नामित किया है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के निर्देश पर पिछले साल दिसंबर में हुए अंतर-पार्टी मतदान के बाद 45 वर्षीय बैरिस्टर गौहर को 71 वर्षीय खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया था। इस चुनाव के फैसले को पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने चुनौती दी थी, जिसे बाद में अदालती लड़ाई के बाद रद्द कर दिया गया।

इसके बाद, शीर्ष चुनावी निकाय ने पार्टी को उसके प्रतिष्ठित 'क्रिकेट बल्ले' चुनाव चिह्न से वंचित कर दिया गया था और गौहर पार्टी प्रमुख नहीं रहे थे। गौहर ने पिछले सप्ताह यह घोषणा थी कि पार्टी के अगले अध्यक्ष के उम्मीदवार बैरिस्टर अली जफर हैं और इसके लिए अंतरिम चुनाव तीन मार्च को होंगे। पार्टी के सूत्रों के हवाले से 'डॉन' अखबार ने बताया कि जफर ने अध्यक्ष पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। नामांकन पत्र जमा करने की समय सीमा रविवार दोपहर तीन बजे समाप्त हो गई और केवल गौहर ने शीर्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बाद पूर्व सत्तारूढ़ दल ने गौहर खान को पार्टी अध्यक्ष नामित किया। ईसीपी और उच्चतम न्यायालय द्वारा दिसंबर में हुए अंतर-पार्टी चुनावों को गैरकानूनी घोषित करने के बाद पार्टी का शीर्ष पद एक महीने से अधिक समय से खाली था।



# नवाबों के शहर पहुंचने पर अक्षय और टाइगर ने शेयर की फोटो

मुंबई/एजेंसी

बॉलीवुड सितारे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अपनी अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज से पहले लखनऊ में हैं। अक्षय ने एक्स पर अपने चार्टर्ड विमान के ठीक सामने अपने 'छोटे मियां' टाइगर के साथ एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में अक्षय ब्लैक कैजुअल वियर में कूल दिख रहे हैं। टाइगर ब्लू डेनिम के साथ वाइट कट-स्लीव्स शर्ट में डैशिंग लग रहे हैं। कैप्शन के लिए, अक्षय ने लिखा, ''पहले आप मुस्कुराइए, क्योंकि बड़े और छोटे अब लखनऊ में हैं! मिलते हैं, आज दोपहर, क्लॉक टावर मैदान में।'' दोनों अपनी अपकमिंग फिल्म के प्रमोट के लिए कुछ एक्साइटिंग एक्टिविटीज करते नजर आएंगे, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन एक एंटी-हीरो की भूमिका में हैं, साथ ही एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ भी हैं। यह फिल्म वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा एएजेड फिल्म्स के सहयोग से प्रस्तुत की गई है। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित फिल्म ईद पर रिलीज होगी।



# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी फिल्म 'चमकीला'

मुंबई/एजेंसी

दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'चमकीला' 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगीद्य। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की आने फिल्म चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'चमकीला' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है।नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट आउट की है। वीडियो शेयर करते हुए नेटफ्लिक्स ने लिखा, माहौल बन जाता था जब वह छेड़ता था साज, कुछ ऐसा ही था चमकीला का अंदाज। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह फिल्म 12 अप्रैल से स्ट्रीम होगी। फिल्म 'चमकीला' में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत बनी हैं।

# फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेंसी



अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत, अभिनेत्री पायस पंडित और डिंपल सिंह की भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कमला फिल्म्स क्रिएशन्स, डिजिटेक प्रोडक्शन प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर ईगल होम एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस फिल्म को लेकर प्रिंस सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म उनकी अब तक के सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है।

फिल्म में उनका किरदार एक स्वच्छंद भ्रमण करने वाले लड़के की है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में एक गुंजा नाम की लड़की गांव में रहती हैं, जहां उसके माँ बाप की बचपन में मृत्यु हो जाती हैं और वो अपने काका काकी के घर पर रहती हैं, जहाँ उसकी काकी उससे घर का हर काम कराती हैं और उसे ताना मारती हैं, वही काका काकी की बेटी नीलम शहर से गांव आती हैं। गुंजा (पायस पंडित) और नीलम (डिंपल सिंह) दोनों बोहत अच्छे से बात करते हैं और रहते हैं पर ये सब चीजे काकी को अच्छी नहीं लगती है। इसके बाद फिल्म में जो कुछ घटता है, वह बेहद मजेदार है।

फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना के निर्माता गौतम कुमार, मनु भाई शाह और लोकेश मिश्रा हैं, जबकि निर्देशक मनोज ओझा हैं। गीतकार प्रकाश बारूद हैं। संगीतकार सर्विन्द मल्हार हैं। छायांकन फ़िरोज़ खान का है। संकलन गोविन्द दुबे और कोरियोग्राफी कानु मुखर्जी का है। कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। इस फिल्म में प्रिंस सिंह राजपूत, पायस पंडित, डिंपल सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, जय प्रकाश, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, प्रिया, अंकुश कहार, आरती निगम, प्राची सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

# 'आर्टिकल 370' ने की छप्परफाड़ कमाई

मुंबई/एजेंसी



यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' का ट्रेलर आने के बाद से ही इसके लिए सॉलिड माहौल बनता नजर आ रहा था। एक ऐतिहासिक राजनीतिक फैसले को बेहतरीन सिनेमेटिक अंदाज में पर्दे पर लेकर आई 'आर्टिकल 370' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई। इसे जितने अच्छे रिव्यूज मिले, जनता ने भी फिल्म की उतनी ही तारीफ की। सॉलिड स्टोरीटेलिंग और दमदार वर्ड ऑफ माउथ के दम पर पहले ही दिन से यामी गौतम की फिल्म ने थिएटर्स में दबदबा बनाना शुरू कर दिया। करीब 2000 स्क्रीन्स पर रिलीज होने वाली 'आर्टिकल 370' से, पहले दिन दो-ढाई करोड़ रुपये के करीब ओपनिंग लेने की उम्मीद की जा रही थी। मगर इस फिल्म ने पहले ही दिन से सभी अनुमानों को पीछे छोड़ना शुरू कर दिया। 'आर्टिकल 370' की ये रफ्तार अगले दो दिन भी जारी रही और अब रिपोर्ट्स बता रही हैं कि फिल्म ने पहले वीकेंड में भी धुआंधार कमाई कर ली है। शुक्रवार को यामी की फिल्म ने 'सिनेमा लवर्स डे' का पूरा फायदा उठाया और 99 रुपये के टिकट की वजह से इसे खूब ऑडियंस मिली। इससे फिल्म को जनता की जमकर तारीफ मिली और खूब माहौल बना। इस पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ का असली फायदा शनिवार को हुआ जब नॉर्मल टिकट रेट्स के बावजूद 'आर्टिकल 370' को बॉक्स ऑफिस पर 35% का जंप मिला। दूसरे दिन फिल्म ने 9.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। अब संडे की ट्रेड रिपोर्ट्स बता रही हैं कि एक बार फिर से फिल्म की कमाई में हल्का सा जंप आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो तीसरे दिन 'आर्टिकल 370' ने 10.50 से 11 करोड़ के बीच कलेक्शन किया है। यानी फाइनल आंकड़े सामने आने के बाद 'आर्टिकल 370' का वीकेंड कलेक्शन 26 करोड़ रुपये के करीब पहुंच जाएगा। यामी की फिल्म आने के पहले से थिएटर्स में चल रही 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने भी पहले वीकेंड में सॉलिड कलेक्शन किया था। शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म ने पहले वीकेंड में 26.52 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

अब 'आर्टिकल 370' ने पहले वीकेंड में शाहिद की फिल्म की बराबरी कर ली है। फाइनल कलेक्शन सामने आने पर दोनों फिल्मों का फर्स्ट वीकेंड कलेक्शन ऑलमोस्ट बराबर नजर आएगा। 'फाइटर' के बाद ये दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर दमदार वीकेंड लेकर आई हैं।

आदित्य जांभले के डायरेक्शन में बनी 'आर्टिकल 370' को आदित्य धर ने प्रोड्यूस किया है, जो खुद 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' के निर्देशक थे। 'उरी' की ही तरह 'आर्टिकल 370' की फिल्ममेकिंग भी जनता को बहुत इम्प्रेस कर रही है। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि पहले सोमवार से यामी की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कितनी मजबूती के साथ टिकती है।

# गजल गायकी को नया आयाम दिया पंकज उधास ने



मुंबई/एजेंसी

गजल गायिकी को नया आयाम देने वाले पंकज उधास का आज निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे।

पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के राजकोट के निकट जेटपुर में जमींदार गुजराती परिवार में हुआ। उनके बड़े भाई मनहर उधास जाने माने है। घर में संगीत के माहौल से पंकाज उधास की भी रूचि संगीत की ओर हो गयी। महज सात वर्ष की उम्र से ही पंकज उधास गाना गाने लगे।उनके इस शौक को उनके बड़े भाई मनहर उधास ने पहचान लिया और उन्हें इस राह पर चलने के लिये प्रेरित किया। मनहर उधास अक्सर संगीत से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लिया करते थे। उन्होंने पंकज उधास को भी अपने साथ शामिल कर लिया।एक बार पकंज को एक संगीत कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला जहां उन्होंने .ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी (गीत गाया। इस गीत को सुनकर श्रोता भाव.विभोर हो उठे। उनमें से एक ने पंकज उधास को खुश होकर 51 रूपये दिये। इस बीच पंकज उधास राजकोट की संगीत नाट्य अकादमी से जुड़ गये और तबला बजाना सीखने लगे।

कुछ वर्ष के बाद पंकज उधास का परिवार बेहतर जिंदगी की तलाश में मुंबई आ गया । पंकज उधास ने अपनी स्नातक की पढ़ाई मुंबई के मशहूर सैंट जेवियर्स कॉलेज से हासिल की । इसके बाद उन्होंने स्नाकोत्तर पढ़ाई करने के लिये दाखिला ले लिया लेकिन बाद में उनकी रूचि संगीत की ओर हो गयी और उन्होंने उस्ताद नवरंग जी से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी।पंकज उधास के सिने कैरियर की शुरूआत 1972 में प्रदर्शित फिल्म (कामना) से हुयी लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म टिकट खिड़की पर बुरी तरह असफल साबित हुयी । इसके बाद गजल गायक बनने के उद्देश्य से पंकज उधास ने उर्दू की तालीम हासिल करनी शुरू कर दी । वर्ष 1976 में पंकज उधास को कनाडा जाने का अवसर मिला और वह अपने एक मित्र के यहां टोरंटो में रहने लगे । उन्हीं दिनों अपने दोस्त के जन्मदिन के समारोह में पंकज उधास को गाने का अवसर मिला । उसी समारोह में टोरंटो रेडियो में हिंदी के कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले एक सज्ञन भी मौजूद थे उन्होंने पंकज उधास की प्रतिभा को पहचान लिया और उन्हें टोरंटो रेडियो और दूरदर्शन में गाने का मौका दे दिया ।लगभग दस महीने तक टोरंटो रेडियो और दूरदर्शन में गाने के बाद पंकज उधास का मन इस काम से उब गया । इस बीच कैसेट कंपनी के मालिक मीरचंदानी से उनकी मुलाकात हुयी और उन्हें अपनी नई एलबम आहट में पार्श्वगायन का अवसर दिया। यह अलबम श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुआ । वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म नाम पंकज उधास के सिने कैरियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में एक है । यूं तो इस फिल्म के लगभग सभी गीत सुपरहिट साबित हुये लेकिन पंकज उधास की मखमली आवाज में चिट्ठी आई है वतन से चिटी आई है गीत..आज भी श्रोताओ की आंखो को नम कर देता है । इस फिल्म की सफलता के बाद पंकज उधास को कई फिल्मों में पार्श्वगायन का अवसर मिला ।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशासन के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।





# आरएमडी ट्रस्ट की संगीतमय शाम 'ये शाम मस्तानी' में झूमे श्रोता, जुटाई सहयोग राशि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। आरएमडी ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को चिन्मय हेरिटेज सेंटर में आयोजित एक संगीत संध्या 'ये शाम मस्तानी' में अहमदाबाद से आए शिवांग दवे व स्थानीय गायक प्रमोद नायर, स्मृति बनर्जी व साईं कृतिका व उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियां दी जिसका श्रोताओं ने जमकर आनंद उठाया। आरएमडी पैन एंड पैलियेटिव केयर ट्रस्ट कैंसर जैसे असाध्य रोगों से पीड़ित रोगियों की सेवा में कार्यरत है तथा मदुरोवॉयल केंद्र में अभी लगभग पचास रोगियों की सेवा व देखभाल चल रही है, उन्हें के सहयोगार्थ यह आयोजन किया गया।

ट्रस्ट की चेयरपर्सन डॉ रिपब्लिका ने अपने स्वागत भाषण में सेंटर के कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर कई श्रोताओं ने स्वेच्छा से कैंसर रोगियों के सहयोगार्थ आर्थिक सहयोग की घोषणा की तथा लगभग दो लाख रुपए की राशि एकत्र की गई। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक सुभाषचंद राँका का सम्मान किया गया। उन्होंने ट्रस्ट की आवश्कता अनुसार ज़रूरतों को पूरा करने में सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कोला सरस्वती की पूर्व प्राचार्य नीला देसाई व पुष्पांजलि के संपादक प्रकाश गोविंद मूंदड़ा व पुष्पा मूँदडा को डॉ रिपब्लिका ने सम्मानित किया। संचालन गोविंद मूँदडा व धन्यवाद ज्ञापन नीला देसाई ने किया।



# उत्कृष्ट शिक्षा के लिए विप्रो ने बांटे 'विप्रो अर्थियन अवार्ड्स'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। देश की एक अग्रणी प्रौद्योगिकी सेवा और परामर्श कंपनी विप्रो लिमिटेड ने वर्ष 2023 के लिए विप्रो अर्थियन अवार्ड्स का 13वां संस्करण शहर में सरजापुर परिसर में आयोजित किया। इस पुरस्कार का उद्देश्य एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा व स्थिरता देना और उन भारतीय स्कूलों और कॉलेजों को मान्यता देना है जो सक्रिय रूप से स्थायी कार्रवाई और सोच को बढ़ावा देते हैं।

विप्रो अर्थियन स्कूल कार्यक्रम में 1,200 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई जिसमें से 22 विजेता और 18 शॉर्टलिस्ट प्रविष्टियों को चुना गया था। विजेता स्कूलों की टीमों ने गतिविधि-आधारित शिक्षण कार्यक्रमों और लिखित निबंधों के संयोजन के माध्यम से जैव विविधता, अपशिष्ट और पानी संरक्षण विषय का प्रदर्शन किया। इस साल, विप्रो अर्थियन ने आईआईटी मद्रास के साथ साझेदारी में अक्टूबर 2023 में कॉलेज के छात्रों के लिए 'आइडियाज़ टू इम्पैक्ट चैलेंज' लॉन्च किया। जिइसे 1,000 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं, जिनमें से 20 टीमों को अगले दौर के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। यह प्रतियोगिता शीर्ष 20 टीमों के लिए व्यापक प्रशिक्षण, परामर्श सहायता और 50,000 रुपये तक का प्रोटोटाइप विकास कोष प्रदान करती है। शीर्ष पांच टीमों को वायु, जल, ऊर्जा, मिट्टी और सामग्री के विषयों पर उनके सबसे नवीन विचारों के लिए चुना जाएगा। विजेता टीमों को एक लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा और आईआईटी मद्रास द्वारा शुरू की गई अखिल भारतीय इको-इनोवेशन और उद्यमिता प्रतियोगिता - कार्बन जीरो चैलेंज 5.0 के साक्षात्कार दौर में सीधे प्रवेश मिलेगा।

विप्रो लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष ऋषद प्रेमजी, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुराग बेहार और विप्रो लिमिटेड के स्थिरता और सामाजिक पहल के वैश्विक प्रमुख नारायण पी.एस. ने विजेता टीमों को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए।

# राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में वैष्णव महाविद्यालय की पुरुष तैराकी टीम ने लहराया परचम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अरुम्बाक्कम में स्थित द्वारकादास गोवर्धनदास वैष्णव महाविद्यालय की पुरुष तैराकी टीम ने 7वें केस्पा-हिट्स तमिलनाडु में ओवरऑल रनर अप रही। यह राज्य स्तरीय इंटर कॉलेजिएट तैराकी चैंपियनशिप 2024 केरल स्पोर्ट्स पर्सन्स एसोसिएशन (केस्पा) द्वारा चेन्नई में आयोजित की गई थी।

इस प्रतियोगिता में अनेक चरणों में भाग लेते हुए वैष्णव कॉलेज के प्रथम वर्ष बी.कॉम के छात्र श्रीराम ने 5 स्वर्ण, 2 रजत पदक प्राप्त (व्यक्तिगत चैम्पियनशिप) किए। प्रथम वर्ष बीबीए के संतोष ने 5 स्वर्णएवं 2 रजत पदक (व्यक्तिगत चैम्पियनशिप) जीतेप्रथम वर्ष बीए के सुदर्शन ने 2 स्वर्ण व 2 रजत पदक, प्रथम वर्ष बी.कॉम के संजय कथिरावन ने 2 स्वर्ण, 2 रजत पदक और 1 कांस्य पदक जीतकर कॉलेज का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य डॉ सन्तोष बाबू ने सभी विजेताओं को बधाई दी। कॉलेज के सचिव अशोक कुमार मूंदड़ा ने सभी विजेताओं और खेल निदेशक वसंत कुमार को शुभकामनाएं दी।





# आश्रम में विद्यार्थियों को वितरित किए फल एवं खाद्य सामग्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। जनकल्याण एवं जीव-दया में कार्यरत रईस इंटरनेशनल संस्था के सदस्यों ने चूलै स्थित सेवाचक्र अनाथ आश्रम में निराश्रित 75 बच्चों को फल, खाद्य तेल एवं चावल वितरित किए गए। संस्था के अध्यक्ष डॉ कमलेश नाहर ने बताया हर महीने संस्था मानव सेवा का लक्ष्य लिए बुजुर्गों एवं बच्चों के स्वास्थ्य और अन्य जरूरतों के विषय में कार्य करती है। महासचिव एडवोकेट महावीर बोहरा ने बच्चों को पढ़ाई एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां नी।

कोषाध्यक्ष प्रकाश बोथरा ने सेवाचक्र समाज के कार्यकर्ता महेश एवं सुकन्या द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। इस मानवसेवी कार्य में डॉ संतोष नाहर, राजेश छाजेड़, सुमेरचंद जैन, घेवरचंद नामदेव, राजेंद्र कल्लानी, अशोक बोहरा, प्रकाश बैद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुनि राजपद्मसागर के संयम रजत उत्सव में उनके गुणों को किया याद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शीतलनाथ श्वेतांबर जैन संघ ट्रस्ट चामराजपेट में मुनिश्री राजपद्मसागरजी के संयम जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर दीक्षा दिवस का आयोजन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रावक श्राकिवाओं ने संतश्री को संयम जीवन की शुभकामनाएं दी तथा गुणों की अनुमोदना की। इस मौके पर मुनि श्री राजपद्मसागर जी ने कहा कि साधु के दर्शन से पुण्य का उपार्जन होता है, साधु को देखना मंगल, साधु को सुनना मंगल, साधु के पास में बैठने में आनंद है क्योंकि साधु का जीवन है निष्पाप जीवन। साधु कभी किसी दूसरे को दुख नहीं पहुंचाते। मुनिश्री राजपद्मसागरजी के संयम रजत उत्सव में उपस्थित जनों ने गुरु गुणों को याद किया।



# प्रभावी सार्वजनिक भाषण प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। जूनियर चेम्बर इंटरनेशनल बेंगलूरु गार्डन सिटी के तत्वावधान में सात दिवसीय प्रभावी सार्वजनिक भाषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जैन कॉलेज में किया गया जिसमें प्रशिक्षक दिलीप जैन, सहसंचालक विनोद मोदी और मुकेश भंडारी ने 12 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया।

समापन के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आचिव स्कूल ऑफ एजुकेशन के संस्थापक पवन आरसी उपस्थित थे। समारोह में अध्यक्ष चेतन पोरवाल, सचिव नरेश गादिया, कोषाध्यक्ष रोहित सुराणा, व्यक्तिगत विकास के उपाध्यक्ष प्रतीक कानूंगा और परियोजना संयोजिका शिवानी आदि उपस्थित थे।



# महासंघ की बैठक में समस्त स्थानकवासी जैन श्रावक संघों को एकजुट करने पर हुई चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन महासंघ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कार्यकारिणी सभा में महासंघ के विकास और विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक में महासंघ के महामंत्री अभय कुमार बांठिया ने महासंघ की आवश्यकता, उद्देश्य और अपेक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें स्थानकवासी जैन श्रावक संघ का ब्रांड बेंगलूरु बनाना है जो सभी के लिए आदर्श बन सके। धार्मिक क्षेत्रों में सादगी का विशेष महत्व होता है और अनावश्यक त्रुटियों से बचाना हम सभी का कर्तव्य है। जानकार श्रावक ही शासन की सेवा कर सकते हैं। सभा में उपस्थित अनेक संघों के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष डा. भीकमचन्द सकलेचा ने किया। उन्होंने कहा कि आम जन के विचारों के कार्यान्वयन के लिए महासंघ एक मंच बन रहा हैं और सब मिलकर ही इसे सफल बना सकते हैं। धार्मिक वातावरण को और श्रेष्ठ बनाने महासंघ अपने पंख फैला रहा हैं।

उपस्थित विभिन्न सदस्यों की राय थी कि समस्त स्थानकवासी जैन श्रावक संघों को महासंघ से जोड़ने के प्रयास किए जाए। सभा में उपाध्यक्ष सुमेरसिंह मुणोत, कोषाध्यक्ष हस्तीमल बाफना, सहमंत्री किशोर दलाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। छगनमल लुणावत के मंगल पाठ के साथ सभा संपन्न हुई।

## विनयांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के राजभवन में गत दिनों दिवगंत हुए दिगम्बर संत आचार्यश्री विद्यासागरजी म.सा. की स्मृति में रविवार को विनयांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचन्द गेहलोत ने आचार्यश्री के गुणों को याद करते हुए उनकी तस्वीर पर पुष्पअर्पण किए। इस मौके पर धर्मस्थला के सुरेन्द्रकुमार, अनिता सुरेन्द्र कुमार व कलाकार पद्मलता जैन आदि भी उपस्थित थे।

# सावरकर का संघर्षमय जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए महान प्रेरणा : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। योगी ने कहा कि सावरकर का संघर्षमय जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए महान प्रेरणा है।मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा, भारत की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले महान क्रांतिकारी, 'स्वातंत्र्यवीर' विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि! 'राष्ट्र नायक' वीर सावरकर का संघर्षमय जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए महान प्रेरणा है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, कष्ट ही तो वह प्रेरक शक्ति है जो मनुष्य को कसौटी पर परखती है और आगे बढ़ाती है। मौर्य ने कहा, मां भारती के महान सपूत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले, राष्ट्रवाद के पर्याय, ओजस्वी वक्ता एवं प्रसिद्ध समाज सुधारक श्रद्धेय विनायक दामोदर वीर सावरकर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी सावरकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 'एक्स' पर कहा, मां भारती के वीर सपूत, महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर वीर सावरकर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं देश के करोड़ों लोगों के हृदय में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने वाले श्रेष्ठ क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर 'वीर सावरकर' जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## अन्नदान

बेंगलूरु के वासुपूज्यस्वामी जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ अक्कीपेट के सामने मिश्रीमल मियाचन्द गादिया परिवार की ओर से अन्नदान किया गया। इस मौके पर सेवा मंडल के सदस्य,चिकपेट जैन संघ के अध्यक्ष गौतमचन्द सोलंकी, सत्तावीस ओसवाल जैन संघ के पूर्व अध्यक्ष जेठमल गादिया, इन्दरमल गादिया, विजयराज जैन, आरती मंडल के अध्यक्ष चम्पालाल गादिया आदि ने अन्नदान में सहयोग दिया।

## प्रदर्शन




त्रिपुरा के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया के पत्रकारों ने मुंह पर काला कपड़ा बांधा और हाथ में कलम लेकर फिलिस्तीनी पत्रकार की हत्या के खिलाफ त्रिपुरा पत्रकारों द्वारा आयोजित मौन विरोध प्रदर्शन किया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.